# देश-विदेश

## ईरान ने जहाजों पर अमरिकी हमलों को 'समुद्री डकैती' बताया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने अमेरिका पर भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर हमले को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इन घटनाओं में भारतीय नाविकों की मौत पर दुख जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और समुद्री सुरक्षा के खिलाफ बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा, अमेरिका की ओर से भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर किए गए क्रूर हमले, जिनमें तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, इस बात का साफ सबूत हैं कि अमेरिका की मौजूदा नीति सशस्त्र डकैती और राज्य-स्तरीय समुद्री लूट जैसी है। हम मारे गए भारतीय नाविकों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और भारतीय लोगों तथा सरकार के प्रति गहरी शोक-सहानुभूति प्रकट करते हैं।

## 14 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी विरोधी समन्वित अभियान में 14 करोड़ रुपए मूल्य की 71 लाख विदेशी सिगरेट जब्त कर इस मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार विदेशी मूल की सिगरेटों की तस्करी के खिलाफ मई में शुरू किए गए एक बड़े और समन्वित अभियान के तहत डीआरआई ने पूर्वोत्तर क्षेत्र से तस्करी कर लाई गई कुल लगभग 71,00,000 विदेशी सिगरेट जब्त की है। जब्त माल की अनुमानित कीमत लगभग 14 करोड़ रुपए है।

## CHANGE OF NAME

I Amita Mangesh Shukla D/o Ajay Parve and W/o Mangesh Nandkishor Shukla R/o Makan No.-743, Ward No.-12, Patel Mohalla, Bahadarpur, Madhya Pradesh - 450331, have changed my name to Amita Ajay Parve

कृति

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)

E-mail modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज /उ.प./1/1078257/2026 सिवनी, दिनांक 09/06/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री पवन कुमार बिसेन आ. श्री कमलसिंह बिसेन, नि. अशोक नगर बारापत्थर, सिवनी, तह. व जि. सिवनी म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 23.04.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक/1/997242/2026/खनिज उ.प. सिवनी दिनांक 07.05.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुन: दिनांक 24.06.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http:// ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | सिवनी | अलौनिया | 82/2 | 2.62 हे. | निजी भूमि | बोल्डर, गिट्टी, | |
| | | | कुल रकबा | 2.62 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**सहायक खनि अधिकारी**
**वास्ते कलेक्टर, सिवनी (म.प्र.)**

G-14275/26 स्वच्छता ही सेवा

## कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर ( म.प्र. ) पिन- 482001,
Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्र. 07/सा/2026-27 जबलपुर, दिनांक-09/06/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि रू. ( लाख में ) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_ 511453_1 | क्र.-1 जबलपुर | मुख्यालय उपसंभाग क्र.3 जबलपुर के अंतर्गत पंचशील नगर, गीता विहार और आजाद चौक मार्ग लं. 5.03 कि.मी. में मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 606.15 | 6,06,200/- | 20,000/- | 08 माह ( वर्षा ऋतु सहित ) |

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 25.06.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.**
**जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

G-14271/26 स्वच्छता ही सेवा

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### न्यायालय नायब तहसीलदार राझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0185/अ-6/2026-27

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अंजली त्रिवेदी पिता/पति स्व. प्रशांत त्रिवेदी निवासी म.नं. 1693 रांझी नरसिंहनगर चन्द्रशेखर वार्ड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक...... दिनांक..... /वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र/ दस्तवरदारी/ तबादलनामा के माध्यम से मौजा मोहनिया नं.बं. 681/391 प.ह.नं. 57/25 खसरा नं. 267/1/1 प्लाट नं. ... रकवा 1000 व.फु. पर विक्रेता/वसीयतकर्ता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ फ्री होल्ड विलेख/ वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दानपत्र/ दस्तवरदारी/तबादलानामा/ मुख्त्यारआम एवं खसरा की छायाप्रति / सत्यापित प्रति संलग्न कर नामांतरण/ फौती नामांतरण/बंटवारा/ नक्शा बटांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 19/06/2026 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/06/2026 को इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक -
पेशी दिनांक -

**नायब तहसीलदार,**
**रांझी, जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 948

## कार्यालय जिला भू-अर्जन अधिकारी जिला-अनूपपुर ( म.प्र. )

प्रकरण क्रमांक- 10/अ-82/2026-2027 अनूपपुर, दिनांक 05/06/2026

### अधिसूचना

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची के खाने ( 2 ) से ( 5 ) वर्णित भूमि कॉलम 06 में उल्लेखित प्रयोजन के लिए राज्य सरकार, न्यूजोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित 2×800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना के संचालन हेतु जिला अनूपपुर तहसील अनूपपुर अन्तर्गत ग्राम रक्सा की 35.341 हे. निजी भूमियों का अर्जन करना चाहती है। परियोजना हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 ( क्रमांक 30 सन् 2013 ) की धारा 4, धारा 5, धारा 6, धारा 7, एवं धारा 8 के तहत कार्यवाही की जाकर सामाजिक समाघात प्रतिवेदन रिपोर्ट, सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना, विशेषज्ञ समूह की अनुशंसा एवं कलेक्टर की अनुशंसा को अभिलिखित किया जाकर दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन एवं अनूपपुर जिले की वेबसाइट में अपलोड भी किया गया है। साथ ही न्यूजोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को अनूपपुर जिले के तहसील अनूपपुर में प्रभावित भूमियाँ ग्राम रक्सा की 35.341हे. निजी भूमियों के अर्जन हेतु मध्यप्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2015 के नियम 09 के अनुसार पूर्व सहमति प्राप्त की जा चुकी है। परियोजना क्षेत्र से प्रभावित भूमि स्वामियों के द्वारा 80 प्रतिशत से ज्यादा सहमति प्रदान की गई है।

अत: भूमि-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा ( 1 ) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा परियोजना हेतु निम्नानुसार अर्जन किया जाता है -

( 1 ) भूमि का वर्णन -

( क ) जिला - अनूपपुर ( ख ) तहसील - अनूपपुर ( ग ) ग्राम - रक्सा ( घ ) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल 35.341 हे.

| क्रं. | खसरा नं. | खसरा का क्षेत्रफल हे. | अर्जुन के अधीन क्षेत्रफल हे. | हितग्राही का नाम व पता | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | 277/1 | 1.3960 | 1.3960 | मेलसिंह पिता अमोल सिंह गोंड़, | |
| 2. | 277/2 | 0.0610 | 0.0610 | धनीराम सिंह पिता भवन सिंह, | |
| 3. | 246/2 | 0.1210 | 0.1210 | सुंदरिया बाई पिता थानू गोंड़, | |
| 4. | 338/1/3,<br>342/1/2 | 0.120<br>0.049 | 0.161 | बूंदीबाई पति लखनलाल, हिस्सा-1/30<br>चिरौंजी लाल पिता गौकरण, हिस्सा-1/6<br>रामकृपाल पिता गौकरण, हिस्सा- 1/6<br>सुंदरिया पिता गोकरण, हिस्सा- 1/6<br>रामबाई पिता गोकरण, हिस्सा- 1/6<br>मुन्नी बाई पिता गोकरण, हिस्सा- 1/6<br>केशकली पिता लखनलाल, हिस्सा- 1/30<br>जीतेन्द्र पिता लखनलाल, हिस्सा- 1/30<br>पारवती पिता लखनलाल, हिस्सा- 1/30<br>शकुंतला पिता लखनलाल, हिस्सा- 1/30 | ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता। |
| 5. | 342/2/1/1 | 0.0240 | 0.0240 | अनीता राठौर पति मनोज कुमार राठौर | |
| 6. | 342/2/1/2 | 0.0240 | 0.0240 | अमन सिंह राठौर पिता मनोज कुमार राठौर | |
| 7. | 342/2/2/1 | 0.0240 | 0.0240 | दुर्गेश सिंह राठौर पिता आदित्य राठौर | |
| 8. | 342/2/2/2 | 0.0250 | 0.0250 | पार्वती राठौर पति संजय कुमार राठौर | |
| 9. | 342/3/1 | 0.0320 | 0.0320 | केमली पिता नन्दलाल हिस्सा- 1/2<br>सोनिया पिता नन्दलाल हिस्सा- 1/2 | |
| 10. | 342/3/2/1 | 0.0080 | 0.0080 | पिपरिया बेबा रामलाल राठौर हिस्सा- 1/2<br>कूदूलाल पिता रामलाल राठौर हिस्सा- 1/2 | |
| 11. | 342/3/2/2, | 0.0120 | 0.0120 | राजा राठौर पिता कोदूलाल राठौर | |
| 12. | 342/3/2/3 | 0.0120 | 0.0120 | सोनू प्रसाद राठौर पिता कोदूलाल राठौर | |
| 13. | 342/3/3 | 0.0330 | 0.0330 | उर्मिला बेबा सूरत प्रसाद हिस्सा- 1/6<br>मुन्नी पिता गोरेलाल, हिस्सा- 1/6<br>हरीशचंद्र पिता सूरत प्रसाद, हिस्सा 1/6<br>धनीराम पिता गोरेलाल हिस्सा- 1/6<br>तिजिया बाई पिता गोरेलाल, हिस्सा- 1/6<br>देवकी पिता सूरत प्रसाद, हिस्सा 1/6 | ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता। |
| 14. | 482/2 | 0.3360 | 0.3360 | अनिल कुमार पिता रामप्रसाद | |
| 15. | 499/1/1/1/1/1 | 0.1900 | 0.1900 | कृष्णकांत पिता सुदामाराम ब्राम्हाण | |
| 16. | 499/1/1/1/1/2 | 0.1890 | 0.1890 | सतीश पिता सुदामाराम ब्राम्हाण | |
| 17. | 503 | 0.2100 | 0.2100 | सूला माता कौशिल्या<br>रामकरण, चिन्तलाल, मोहनिया पिता मुल्ला हिस्सा1/2<br>रामाधार आदित्य श्याम बाई हीरा बाई पि. दर्शन<br>मु. फूलमती बेवा दर्शन हिस्सा- 1/2 | |
| 18. | 515/1/2,<br>518/2 | 0.285<br>0.117 | 0.402 | मुलारा पिता डोमारी गोंड, हिस्सा- 1/4<br>दामोदर पिता रोहणी गोंड हिस्सा- 1/10<br>कैलाश पिता रोहणी गोंड,हिस्सा- 1/10<br>फूलमती पिता रोहणी गोंड, 1/10<br>मीना पिता रोहणी गोंड, हिस्सा- 1/10<br>गौलौदी पिता डोमारी गोंड, हिस्सा- 1/4<br>रामप्रकाश पिता रोहणी गोंड, हिस्सा- 1/10 | |
| 19. | 223/2, | 0.1210 | 0.1210 | इन्दर सिंह पिता रामस्वारथ गोंड हिस्सा- 1 | |
| 20. | 157/3, | 0.8090 | 0.8090 | शांतिबाई बेबा दौलत सिंह, हिस्सा- 1/12,<br>अरुण सिंह, रामबाई, प्रेमवती, दुर्गा, पिता दौलत सिंह, हिस्सा- 1/12<br>सोमबाई, लीला, उमाबाई, पिता सिरुमै, हिस्सा- 1/12 बेलासा पुत्री पंडित, हिस्सा-1/12<br>भुवनेश्वरी पुत्री अयोध्या सिंह, हिस्सा-1/12<br>ओमकार पुत्र अयोध्या सिंह, हिस्सा 1/12<br>वेद पुत्र अयोध्या सिंह, हिस्सा-1/12<br>रामबाई बेवा छोटेलाल सिंह हिस्सा-1/12<br>सोमवती पुत्री छोटेलाल सिंह हिस्सा-1/12<br>नेमिया पुत्री छोटेलाल सिंह हिस्सा-1/12<br>हिरिया पुत्री छोटेलाल सिंह हिस्सा-1/12<br>अशोक पुत्र छोटेलाल सिंह हिस्सा-1/12 | |
| 21. | 526 | 0.3560 | 0.3560 | ईंद्रल सिंह पिता बंशू गोंड | |
| 22. | 527 | 0.5060 | 0.5060 | रत्ती बाई बेबा सोहागू हिस्सा- 1/3<br>भूरेलाल पिता सोहागू हिस्सा- 1/3<br>भल्लू पिता सोहागू हिस्सा- 1/3 | नाम विद्युत परियोजना की की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता |
| 23. | 287/1/33/1 | 0.0200 | 0.0200 | राजकुमार राठौर पुत्र रामदास राठौर | |
| 24. | 287/1/33/2 | 0.0180 | 0.0180 | अजय राठौर पुत्र रामदास राठौर | |
| 25. | 287/1/33/3 | 0.0190 | 0.0190 | अंकुश राठौर पुत्र रामखेलावन राठौर | |
| 26. | 287/1/33/4 | 0.0240 | 0.0240 | लवकेश राठौर पुत्र रामखेलावन | |
| 27. | 250 | 1.732 | 1.732 | रामपाल सिंह, चन्द्रभान सिंह पिता बद्री दशोदिया, बेवा बद्री | |
| 28. | 251<br>253 | 1.068<br>0.409 | 1.477 | अगसिया पति बारेलाल सिंह गोंड | |
| 29. | 259/2 | 0.509 | 0.509 | रमा पुत्री जीवन लाल, रवि पुत्र जीवन लाल पटेल, निर्मला, फूलबाई, रामस जीवन, उर्मिला पिता रामदीन पटेल, सत्यवती बेबा जीवन लाल पटेल | |
| 30. | 254/1/1 | 0.405 | 0.405 | प्रीतम सिंह पिता मान सिंह | |
| 31. | 254/1/2 | 0.405 | 0.405 | कोमल सिंह पिता मान सिंह | |
| 32. | 254/1/3 | 0.405 | 0.405 | पवन सिंह पिता मान सिंह | |
| 33. | 254/2/3 | 0.445 | 0.445 | ध्यान सिंह पिता मंगल सिंह | |
| 34. | 254/2/2 | 0.445 | 0.445 | कमल सिंह पिता मंगल सिंह | |
| 35. | 254/2/1 | 0.445 | 0.445 | मान सिंह पिता मंगल सिंह | |
| 36. | 266<br>257 | 0.421<br>0.632 | 1.053 | रामलाल पिता सेमालू सिंह | |
| 37. | 259/1/1/1 | 0.047 | 0.047 | रामपणि पटेल पुत्र जर्मनलाल पटेल | |
| 38. | 259/1/1/2 | 0.041 | 0.041 | रामानंद पटेल पिता रामगरीब पटेल | |
| 39. | 259/1/1/3 | 0.041 | 0.041 | संगीता पटेल पति बलदेव पटेल | |
| 40. | 259/1/1/4 | 0.041 | 0.041 | सारिका पटेल पति रामप्रकाश पटेल | |
| 41. | 259/1/2 | 0.170 | 0.170 | राजाराम पिता नारायण पटेल | |
| | | | | भिनसरिया बेवा भैयालाल पटेल, विद्या पिता | |
| 42. | 259/1/3 | 0.169 | 0.169 | भिनसरिया बेबा भैयालाल पटेल, विद्या पिता भैयालाल पटेल, गनेशिया पिता भैयालाल पटेल, गीताबाई पिता भैयालाल पटेल, दुर्गावती पिता भैयालाल पटेल, तीजाबाई बेबा रामावतार पटेल, आरती पिता रामावतार पटेल, आंचल पिता रामावतार पटेल, अर्चना पिता रामावतार पटेल, चंद्रमणि पिता रामावतार पटेल | |
| 43. | 283/1/1 | 0.248 | 0.248 | मण्डल पिता हेमा | |
| 44. | 283/1/2 | 0.249 | 0.249 | भामा, पार्वती पिता झंडल, लीलाबाई बेबा झंडल दुर्गेश, लल्लू पिता झंडल | ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता |
| 45. | 283/2 | 0.498 | 0.498 | सुखलाल पिता मंडल गोंड | |
| 46. | 284 | 0.405 | 0.405 | उज्जैन पुत्र सेमलाल, किकरी पोडहिन बेबा सेमलाल रामबिहारी पिता सेमलाल | |
| 47. | 282/1 | 0.109 | 0.109 | बूंदीबाई बेवा लखनलाल, जितेन्द्र पिता लखनलाल, चिरौंजी सुंदरिया, रामकृपाल, मुन्नीबाई पिता गोकरण, केशकली, पार्वती रामबाई, शंकुतला पिता लखनलाल | |
| 48. | 282/2/1 | 0.040 | 0.040 | मीन राठौर पति राजेश सिंह राठौर | |
| 49. | 282/2/2 | 0.040 | 0.040 | लक्ष्मी राठौर पत्नि नारायण सिंह राठौर | |
| 50. | 282/2/3 | 0.033 | 0.033 | हीराबाई पिता दर्शन | |
| 51. | 261 | 1.449 | 1.449 | दयाराम सिंह पिता बारेलाल सिंह हिरौंदिया, भगवनिया पिता वंशरुप | |
| 52. | 262/1/1 | 0.446 | 0.446 | चुनिया बाई बेबा राय सिंह, उषा पिता राय सिंह | |
| 53. | 262/1/2 | 0.446 | 0.446 | इतवारिया बाई पति राय सिंह, भिनसरिया, दौलत पिता राय सिंह | |
| 54. | 262/2 | 0.893 | 0.893 | राममिलन पिता बिहारी, कितवा पिता बिहारी | |
| 55. | 263/1 | 0.607 | 0.607 | लल्ला बट्टू सिंह पिता शेर सिंह, पुष्पेन्द्र, शीला उर्मिला, फूलबाई पिता बदन सिंह, मुन्नी बाई बेबा बदन सिंह चंद्रवती बेबा शिवमंगल सिंह। | |
| 56. | 263/2/1 | 0.153 | 0.153 | ललीबाई, कलीबाई पिता रामजियावन | |
| 57. | 263/2/2 | 0.152 | 0.152 | इंदर, फूलबाई पिता स्वारथ, गोंदा बाई बेबा स्वारथ | |
| 58. | 263/2/3/1 | 0.031 | 0.031 | इन्दरसिंह पिता रामस्वारथ गोंड | |
| 59. | 263/2/3/2 | 0.040 | 0.040 | सुखसेन सिंह पुत्र हीरालाल | |
| 60 | 263/2/3/3 | 0.040 | 0.040 | रानू सिंह गोंड पत्नी परषोत्तम सिंह | |
| 61 | 263/2/3/4 | 0.040 | 0.040 | खेलावन सिंह पिता हीरालाल सिंह | |
| 62 | 263/2/4 | 0.157 | 0.157 | गुड्डी बाई, सेमलाल सिंह, कुड़सी, छोटू, चन्द्रवती पिता भारत गोंड | |
| 63 | 265 | 4.035 | 4.035 | श्यामाबाई, उत्तम सिंह पिता, कोमल, बलराम चमरु पिता हजारी, धन सिंह पिता बैजू, सुदीललिया बेवा हजारी, सियाबाई पिता बैजू | |
| 64 | 357 | 0.633 | 0.633 | पुनवसया बेवा छंगू, बेलाबाई पुत्री छंगू, बेलास, चंद्रवती, पुत्री पंडित, शांति बाई बेबा दौलत, अरुण सिंह, रामाबाई, प्रेमवती, दुर्गा पिता दौलत सिंह, सोमबाई, लीलाबाई, उमाबाई, पिता सिरमै, भुवनेश्वरी, ओंकार, वेद पुत्र अयोध्या सिंह, रामबाई बेबा छोटेलाल, सोमवती, नेमिया, हिरिया, अशोक पुत्र छोटेलाल | ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि की |
| 65 | 358/1/1/1/2 | 0.015 | 0.015 | महेश प्रसाद पिता कुड़सी | |
| 66 | 358/1/2<br>358/1/1/2 | 0.202<br>0.150 | 0.352 | अर्जुन प्रसाद पिता रामजियावन पटेल | |
| 67 | 358/2/1/1 | 0.032 | 0.032 | विनीत कुमार पटेल पिता विनोद पटेल | |
| 68 | 358/2/2 | 0.032 | 0.032 | अतुल पटेल पिता विनोद पटेल | |
| 69 | 358/1/1/1/1 | 0.015 | 0.015 | मनीकुमार पिता कुड़सी | |
| 70 | 358/1/1/1/4 | 0.016 | 0.016 | कमलेश प्रसाद पिता कुड़सी | |
| 71 | 360/2/1/1/1 | 0.0305 | 0.0305 | पकसी बेबा रामसाय गोंड | |
| 72 | 360/2/1/1/2 | 0.0305 | 0.0305 | श्यामाबाई पत्नी फराशरम सिंह | |
| 73 | 360/2/1/2 | 0.0305 | 0.0305 | लवकेश पुत्र रेवा सिंह | |
| 74 | 360/2/2 | 0.0305 | 0.0305 | सुषमा सिंह गोंड पत्नी बब्बू सिंह | |
| 75 | 360/3 | 0.243 | 0.243 | सुखमन, सुन्दरिया, पुरषोतम, उषा, भगवनिया पिता दद्दी | |
| 76 | 358/1/1/1/3 | 0.015 | 0.015 | रमेश कुमार पिता कुड़सी | |
| 77 | 359/1/1<br>388 | 0.935<br>0.462 | 1.357 | ईन्द्रल सिंह पिता बंशू गोंड | |
| 78 | 359/1/2 | 0.040 | 0.040 | लालजी सिंह पुत्र कलिका सिंह | |
| 79 | 359/2 | 0.040 | 0.040 | गोपाल सिंह पुत्र बलराम | |
| 80 | 360/1/1/1/1 | 0.015 | 0.015 | नेहा सिंह पिता स्वरुप सिंह | |
| 81 | 360/1/1/1/2 | 0.032 | 0.032 | रेवा सिंह गोंड पुत्र दादूराम | |
| 82 | 360/1/1/2/1 | 0.032 | 0.032 | रामकरण सिंह पुत्र गजरुप सिंह | |
| 83 | 360/1/1/2/2 | 0.014 | 0.014 | नेहा सिंह पिता स्वरुप सिंह | |
| 84 | 360/1/2 | 0.028 | 0.028 | केमल सिंह गोंड पुत्र गजरुप सिंह | |
| 85 | 361/4/1 | 0.116 | 0.116 | सरजू पिता जमूना पटेल, जमूना पटेल पिता रामजियावन पटेल | |
| 86 | 361/4/2 | 0.081 | 0.081 | उमाकांत पटेल पुत्र सुरेन्द्र कुमार पटेल | |
| 87 | 387 | 0.833 | 0.833 | सेमिया पुत्री सेमलू, आनंद सिंह पिता रामलाल तुलसिया बाई बेबा रामलाल, पार्वतीबाई माता सुहाना गोंड़ बैसखिया पुत्री सेमलू, उम्मेद सिंह पिता रामलाल आशा पुत्री सेमलू | |
| 88 | 386 | 0.530 | 0.530 | लोकवती पिता परमानन्द, रेवती बेबा परमानन्द, सेमवाती बेबा माखन, गुड्डा, इंदर सिंह, टीकम सिंह पिता माखन | |
| 89 | 478/1 | 0.388 | 0.388 | कोमल पिता रामकरण राठौर | |
| 90 | 478/2 | 1.000 | 1.000 | राहुल मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा, सुशील कुमार पिता ददुनीराम, गीतांजलि मिश्रा पत्नि राहुल मिश्रा | |
| 91 | 478/3 | 1.388 | 1.388 | विजय पिता सुदामाराम ब्राम्हण | |
| 92 | 252 | 4.679 | 4.679 | राकेश सिंह पिता पप्पू सिंह, दुर्गा सिंह माता बिरसू, गुड्डी बाई पिता पप्पू सिंह, लालसिंह माता बिरसू, रोपत, पाल सिंह, सेमलालसिंह माता बिरसू, पूजा सिंह पिता पप्पू सिंह, बेसनीय पिता लोधवा | |
| 93 | 358/2/1/2/1 | 0.032 | 0.032 | रानीपटेल पत्नी अमित पटेल | |
| 94 | 358/2/1/2/2 | 0.032 | 0.032 | वीरेन्द्र पटेल पुत्र गंगा पटेल | |
| 95 | 358/2/1/2/3 | 0.032 | 0.032 | विवेक कुमार पटेल पुत्र अर्जुन सिंह पटेल | |
| 96 | 358/2/1/2/4 | 0.083 | 0.083 | अर्जुन प्रसाद पिता रामजियावन पटेल | |
| | कुल क्षेत्रफल हे. | 35.341 | 35.341 | | |

( 2 ) राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15 ( 7 )-2014-सात-शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका म.प्र. राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के क्रमांक-2895 पर प्रकाशन किया गया है, के द्वारा प्रत्येक जिले में कलेक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को जो डिप्टी कलेक्टर से अनिम्यन श्रेणी का होगा और उसके सेवकों, कर्मचारियों या उसके निर्देशों के अधीन कार्य करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को उस जिले के भीतर अधिनियम की धारा-12 के उपबंधों को क्रियान्वित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। अत: उक्त अधिसूचना के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन अनूपपुर को अधिनियम की धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

( 3 ) राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-( 8 )-2014-सात-शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका म.प्र. राजपत्र 10 के पृ.क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है, के द्वारा प्रत्येक जिले में कलेक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर से अनिम्न श्रेणी का होगा को पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन प्रशासक के रूप में नियुक्त किया गया है। अत: अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनूपपुर, जिला अनूपपुर को पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया जाता है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनूपपुर, जिला अनूपपुर अधिनियम की धारा 16 के तहत पुर्नव्यवस्थापन स्कीम तैयार कर प्रस्तुत करेंगे। इस कार्य में अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) अनूपपुर निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण करेंगे। )

( 4 ) अधिनियम की धारा-11 ( 4 ) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा, या कोई संव्यवहार नहीं होने देगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विलंमगम सृजित नहीं करेगा।

( 5 ) अधिनियम की धारा-15 ( 1 ) के अधीन तथा उपबंधित इस सूचना की तारीख से 60 ( साठ ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के संबंध में कलेक्टर के समक्ष ( कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर में ) आक्षेप यदि कोई हो तो फाइल किया जा सकेगा। भूमि का नक्शा ( प्लान ) कार्यालय कलेक्टर की भू-अर्जन शाखा में एवं अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) अनूपपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

**जिला भू-अर्जन अधिकारी**
**जिला-अनूपपुर ( म.प्र. )**

# अभिमत

**इस थार के मरुस्थल में उरमूल सीमांत का काम कई मायनों में अनूठा है। हस्तशिल्प कशीदाकारी के साथ टिकाऊ कृषि कार्यक्रम, जैविक खेती, बागवानी, चारागाह विकास कार्यक्रम जारी रखे गए, जिससे समुदायों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। तालाबों को बचाने का भी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। यह पूरी पहल उपयोगी व अनुकरणीय है।**

## मरूभूमि में आत्मनिर्भरता की राह

नवाचार

■ बाबा मायाराम

पश्चिमी राजस्थान का यह इलाका थार का मरुस्थल कहलाता है। यहां की मुख्य आजीविका कृषि और पशुपालन है। इस इलाके में मैं कई बार गया हूं, आज इस यहां की खेती, पशुपालन और आजीविका के बारे में चर्चा करना चाहूंगा, जिससे यह समझा जा सके कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे बेहतर जीवनयापन किया जा सकता है।

इस इलाके में उरमूल सीमांत समिति करीब चार दशक से कार्यरत है। उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्क संस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया।

उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव (बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई-बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

**उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्क संस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया। उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव (बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई-बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।**

यहां जब मैं पहली बार गया था, तो यह इलाका मैदानी इलाकों से अलग लगा। मरुस्थल यानी शुष्क क्षेत्र। थार के मरुस्थल में दूर-दूर तक रेत के मैदान हैं। रेत के पहाड़ हैं, जिन्हें यहां धौरे कहा जाता है। छोटी कंटीली झाड़ियां हैं। विरल पेड़ पौधे हैं। यहां कम पानी और बहुत गरमी होती है।

यहां मैं संस्था से जुड़ी कई महिलाओं से मिला था, जो कशीदाकारी का काम करती थीं, और उन्हें घर बैठे कुछ कमाई हो जाती थी। उरमूल ने अच्छी डिजाइन से लेकर मार्केटिंग तक की कड़ी जोड़ी है, जिससे सैकड़ों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हुआ है। यह सिलसिला आगे बढ़ रहा है।

यहां के कार्यकर्ताओं ने बताया था कि साल 1991 के आसपास एक दूसरे क्षेत्र में कशीदाकारी का काम शुरू किया गया। उरमूल से जुड़ी प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि हम कारीगरों को कपड़े देते हैं, धागा और सुई उपलब्ध कराते हैं, उनसे कशीदाकारी करवाते हैं और फिर बाजार में आपूर्ति करते हैं। महिलाओं को उनके काम का मेहनताना मिल जाता है। कशीदाकारी के काम से कई ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हैं। आज यह थार डेजर्ट क्राफ्ट या थार मरूज कला या थारी कशीदाकारी के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है।

बाजार की मांग व नित बदलते फैशन के दौर में कशीदा उत्पादों में विविधता बढ़ी। पहले कच्छी भरत व सिंधी टांका ही काम में लिए जाते थे। कढ़ाई के बीच कांच लगाए जाते थे। समय के साथ इसमें बदलाव किया गया।

यहां की प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि जब कुछ साल पहले कोविड के दौरान तालाबंदी हुई थी, तब होली के बाद का समय था। गांव के लोग खेती-किसानी के काम में लगे हुए थे। हमने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझा और ग्रामीण कार्यकर्ताओं की मदद के लिए टीम बनाई और पहल शुरू की।

वे आगे बताती हैं कि सबसे पहले हमने महिलाओं को मास्क बनाने का प्रशिक्षण दिया। बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के गांवों में कई केन्द्र बनाए थे। बुनकरों समूहों से सूत बनवाया, और उस कपड़े से सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रों में मास्क तैयार करवाए।

मास्क तैयार करने के लिए महिलाओं की पुरानी साड़ियों का इस्तेमाल किया। नापासर, लूनकरणसर के बुनकरों से कपड़ा खरीदा। कपड़े की डोरियां बनवाईं। इस तरह हमने ढाई-तीन लाख मास्क बनाए। उनमें कढ़ाई व कशीदाकारी भी करवाई। इससे हमारे शिल्प इकाई के कर्मचारियों की आजीविका चली। संस्था से करीब 4-5 हजार कारीगर जुड़े हैं, उन्हें लगातार रोजगार मिला, और मास्क से कोविड-19 से बचाव हुआ।

उरमूल संस्था शिल्प इकाई से जुड़ी कार्यकर्ता बताती है कि इसका अच्छा असर हुआ। साथ ही उन्हें शिल्प इकाई के माध्यम से दुपट्टे रंगाई का काम दिया गया, जिससे उनके हाथ में कुछ पैसा आए। शिल्प इकाई से जुड़ी महिलाओं ने अपने स्तर पर मास्क बनाकर बेचे। रूनिया बड़ावास गांव की गोगा जी और चाड़ासर गांव की रचना जी ने बड़े पैमाने पर मास्क बनाए और बेच कर कुछ कमाई की। गडियाला की नसीम बानो ने सूती दुपट्टों को रंगाई कर बेचा और कुछ पैसे कमाए।

इसी प्रकार, पशुपालन और कृषि यहां की प्रमुख आजीविका है। ऊंट यहां की जीवनरेखा है, किस तरह ऊंटपालकों को मदद की जाए, इसकी कोशिश की जा रही है।

डिजर्ट रिसोर्स सेंटर के अंशुल ओझा बताते हैं कि हम न केवल तत्कालीन राहत का करते हैं बल्कि दीर्घकालीन काम भी किया जा रहा है। इसमें चारागाह विकास कार्यक्रम, शिल्प इकाई, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन व दूध डेयरी की गतिविधियां शामिल हैं।

टिकाऊ कृषि कार्यक्रम के तहत जैविक खेती, केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, राठी नस्ल की दुधारू गायों की देखभाल, पशु आहार, चारागाह विकास, बागवानी (किचन गार्डन) आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इसके अलावा, उरमूल परिसर में कृषि डेमो फार्म भी बनाया गया है, जिसमें केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, फलदार पेड़, बागवानी (किचन गार्डन), गोबर गैस प्लांट, ड्राई सोलर यूनिट, पशु आहार, चारागाह आदि हैं, जिसे देखकर और सीखकर किसान खुद कर सकें। इससे उनकी खेती की लागत भी कम होगी और जमीन की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी।

इसी प्रकार, उरमूल ने तालाबों को पुनर्जीवित करने और उनका दस्तावेजीकरण करने का अनूठा काम किया है। कुछ वर्ष पहले उन्नति संस्था के साथ मिलकर उरमूल ने तालाबों को बचाने और उनके रखरखाव का दस्तावेजीकरण व जागरूकता का कार्यक्रम चलाया था, जिसमें मैं भी शामिल हुआ था। हमने 5 जिलों के तालाबों का अवलोकन किया था। गांवों में ग्रामीणों से बातचीत की थी। तालाबों के सार-संभाल पर ग्रामीणों की परंपराओं से हम सब प्रभावित हुए थे, जिस पर मैंने कुछ लेख भी लिखे थे।

मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ था कि हमें एक भी तालाब में गंदगी नहीं मिली। साफ-सुथरे व स्वच्छ तालाब मिले थे। कई तो सैकड़ों साल पुराने तालाब हैं, ग्रामीण इन तालाबों का न केवल पानी पीते हैं, बल्कि इनकी सार-संभाल का जिम्मा खुद उठाते हैं। उन्होंने तालाबों का साफ रखने के कई अलिखित नियम भी बनाए हुए हैं। संस्था ने गांवों में टंकी निर्माण के लिए भी सहायता की है। इस काम में संस्था के सुनील लहरी ने महती भूमिका निभाई है। उन्होंने मुझे कई गांवों में भी घुमाया था, और ग्रामीणों से मिलवाया था। तालाबों के महत्व, सार संभाल, उसके भंडारण के तरीके बताए थे।

कुल मिलाकर, इस थार के मरुस्थल में उरमूल सीमांत का काम कई मायनों में अनूठा है। हस्तशिल्प कशीदाकारी के साथ टिकाऊ कृषि कार्यक्रम, जैविक खेती, बागवानी, चारागाह विकास कार्यक्रम जारी रखे गए, जिससे समुदायों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सके। तालाबों को बचाने का भी महत्वपूर्ण और उपयोगी है। यह पूरी पहल उपयोगी व अनुकरणीय है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

## बीता सप्ताह

**6 जून**

- एयर मार्शल आशुतोष वायुसेना के नए वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ नियुक्त किया गया है।
- चुनाव प्रक्रिया में सुनवाई पर मद्रास हाईकोर्ट ने सख्त हुआ कहा इससे भारत में आ जाएगी तानाशाही।
- मप्र के बैतूल जिले की एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भैसदेही को जनजातीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।
- दमदार विकेटकीपर बल्लेबाज के.एस. भरत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया सन्यास।

**7 जून**

- दिल्ली के जंतर मंतर में कॉकरोच जनता पार्टी ने शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।
- राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति का सदस्य नामित किया गया।
- भारतीय शतरंज के युवा सितारे व ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद नार्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने।
- अंतरिक्ष में माइक्रोग्रेविटी से पूरी तरह बदल जाता है तरल पदार्थो का व्यवहार।

**8 जून**

- तीन महीने में दूसरी बार घरेलु गैस सिलेंडर 29 रूपये महंगा हुआ।
- अदाणी ग्रुप के चेयरमेन गौतम अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने।
- अयोध्या में राममंदिर की दान पेटी से करोड़ों रूपये की चोरी हो गई।
- पूरी दुनिया की जलवायु व महासागरों के संतुलन को बनाए रखती है क्रामांस्फीयर।

**9 जून**

- विशाखा पटनम स्टी प्लांट में पिघले हुए लोहे की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई।
- पूर्व जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने बनाई इश्क करो पार्टी।
- छग के युवा बल्लेबाज आयुष पांडे इंडिया ए टीम में जगह बनाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले क्रिकेटर बने।
- अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आटेमिस-3 मिशन की तैयारियां तेज कर दी है।

**10 जून**

- धान के बदले दूसरी फसल लगाने पर छग सरकार देगी प्रति एकड़ 15 हजार रूपये।
- मध्यप्रदेश से मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त हो गया।
- छग के तीन जवानों कांकेर के पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण केंवट और रामेश्वर देशमुख तथा बालोद के असम राइफल्स के जवान भोजराज साहू को राष्ट्रपति ने शौर्यचक्र से सम्मानित किया।
- पीएम मोदी सबसे लंबे समय कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बने।

**11 जून**

- ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में भारत को शीर्ष 100 देशों में नहीं मिली जगह।
- पाकिस्तानी सेना का एमआई 17 हेलीकॉप्टर पीओके में क्रैश, सभी सैनय कर्मियों की मौत।
- मंगोलिया में फुट एंड मउथ डिजीज का प्रकोप 1200 से अधिक पशुओं को मारा गया।
- फदीम सिन्हा बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के नए चेयरमेन होंगे।

**12 जून**

- राजनांदगांव (छग) की महक नरवासे का भारत की 19 महिला टीम में चयन।
- होर्मुज के पास पलाऊ के झंडे वाले एमटी सेट्टेबेलों पर हुए हमले में 3 भारतीय की मौत हो गई।
- भारत और नेपाल ने परस्पर डिजीटल वित्तीय संपक्र और सहयोग को बढ़ावा देने नेपाल में भी यूपीआई चालू किया।
- तारवान ने किया अमेरिका निम्रित हिमार्स लॉन्चर का परीक्षण।

## गांधी के मुताबिक : छल-कपट से फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं दिया जा सकता

■ विवेकानंद माथने

महात्मा गांधी उस दौर में सक्रिय थे जब फिलिस्तीन का प्रश्न विश्व राजनीति में उभर रहा था। यूरोप में यहूदियों का उत्पीड़न, 'ज़ायोनी आंदोलन' का उदय, फिलिस्तीन में 'यहूदी राष्ट्रीय गृह' की मांग, 'बाल्फोर घोषणा' और बढ़ते यहूदी प्रवास जैसी घटनाएं तेजी से हो रही थीं। गांधीजी के कई निकट सहयोगी यहूदी थे, वहीं भारतीय मुसलमानों और अरब जगत के प्रश्नों से भी उनका गहरा सरोकार था। वे दोनों समुदायों के इतिहास और पीड़ा से परिचित थे और यहूदियों के प्रति सहानुभूति रखते थे, लेकिन फिलिस्तीनी अरबों पर हो रहे अन्याय और औपनिवेशिकता थोपने के सख्त खिलाफ थे।

'प्रथम विश्वयुद्ध' के बाद वैश्विक राजनीति तेजी से बदल रही थी। पराजित 'तुर्क साम्राज्य' (उस्मानी सल्तनत) को विभाजित करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस ने 'सेवर की संधि' की रूपरेखा बनाई, जिसके तहत अरब क्षेत्रों और इस्लामी पवित्र स्थलों को यूरोपीय नियंत्रण में बांटने की योजना थी। इस औपनिवेशिक हस्तक्षेप ने भारतीय मुसलमानों के साथ-साथ महात्मा गांधी को भी गहराई से उद्वेलित कर दिया। गांधीजी ने इसे केवल धार्मिक नहीं, बल्कि साम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे और वैश्विक न्याय के हनन के रूप में देखा।

> **'पिछले युद्ध में मुसलमान सैनिकों ने अपना खून इसलिए नहीं बहाया कि वे फिलिस्तीन को मुसलमानी नियंत्रण से बाहर किसी दूसरे को अर्पित कर दें। मैं चाहता हूं कि मेरे यहूदी मित्र भारत के सात करोड़ मुसलमानों की स्थिति पर निष्पक्ष भाव से विचार करें। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते क्या वे अपनी पवित्र मिल्कियत का एक ऐसे ढंग से छीना जाना बर्दाश्त कर सकते हैं जो उनकी दृष्टि में विश्वासघातपूर्ण है?'**

मार्च 1921 में महात्मा गांधी ने लंदन के समाचार पत्र 'डेली हेरॉल्ड' को दिए एक साक्षात्कार में ब्रिटिश सरकार द्वारा मुसलमानों से किए गए वादों से मुकरने और 'सेवर की संधि' के जरिए अरब जगत पर थोपी गई नाइंसाफी की आलोचना की। 'खिलाफत आंदोलन' और फिलिस्तीन के संबंध को रेखांकित करते हुए गांधीजी ने कहा था कि 'खिलाफत मूलतः एक धार्मिक आंदोलन है;' यह आंदोलन सीधे पैगम्बर के निर्देशों से प्रेरणा ग्रहण करता है।' जिन्हें 'अरब के द्वीप' कहा जाता है उन्हें पूरी तरह से केवल मुसलमानों के ही नियंत्रण में रहना चाहिए; उस पर खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता होनी चाहिए, चाहे फिलहाल खलीफा कोई भी हो।' इस्लाम के अस्तित्व के लिए यह जरूरी है कि ब्रिटेन और फ्रांस को दी गई अधिसत्ता बिलकुल समाप्त कर दी जाये।'

'फिलिस्तीन भी मुसलमानों के नियंत्रण में होना चाहिए।' धर्म या युद्ध का कोई भी फतवा 'मित्र-राष्ट्रों' द्वारा फिलिस्तीन का यहूदियों को सौंपा जाना उचित नहीं सिद्ध कर सकता। यह खास तौर पर भारतीय मुसलमानों के साथ और आमतौर पर समूचे भारत के साथ विश्वासघात करना होगा; यदि युद्ध के प्रारंभ में ब्रिटेन ने ऐसे किसी अधिकार हरण की संभावना की ओर इशारा किया होता तो एक भी भारतीय सिपाही युद्ध में न जाता।' 'प्रथम विश्वयुद्ध' के बाद 'खिलाफत आंदोलन' (1919-1924) के दौरान भारतीय मुसलमान तुर्की के खलीफा और इस्लामी पवित्र स्थलों की स्थिति को लेकर चिंतित थे।

इसी संदर्भ में ब्रिटिश वादों और फिलिस्तीन के भविष्य पर महात्मा गांधी ने 23 मार्च 1921 को 'यंग इंडिया' में लिखा- 'सेवर्स की संधि में जिस परिवर्तन की बात सोची जा रही है, उससे भारतीय मुसलमान संतुष्ट नहीं हो सकते; और इतना कहना काफी कह देना है।' मेरी नम्र राय में, भारत के मुसलमानों की मांगें स्वीकार कर ली जायें' इसके दो कारण हैं। 'खिलाफत' एक आदर्श है और जब कोई व्यक्ति किसी आदर्श को लेकर चलता है तो उसका रास्ता दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। मुसलमान उस आदर्श का प्रतिनिधित्व करते हैं और समस्त भारत के सर्वसाधारण का समर्थन उन्हें प्राप्त है।'

गांधीजी ने कहा था कि 'छल-कपट से और नैतिकता के बंधनों को तोड़कर फिलिस्तीन यहूदियों के हाथों में नहीं दिया जा सकता। फिलिस्तीन के सवाल को लेकर तो यह लड़ाई नहीं लड़ी गई थी। ब्रिटिश सरकार एक भी मुसलमान सिपाही से यह कहने का साहस नहीं कर सकती थी कि वह फिलिस्तीन को अपने मुसलमान भाइयों के नियंत्रण से छीनकर यहूदियों को दे देगी। फिलिस्तीन यहूदियों का तीर्थस्थल है, इसलिए उनके लिए यह एक ऐसी भावना की चीज है जिसका आदर करना चाहिए और अगर मुसलमान आदर्शवादी यहूदियों को उतनी ही स्वतंत्रता से पूजन आदि नहीं करने देते जितनी स्वतंत्रता से स्वयं करते हैं तो यहूदियों का शिकायत करना उचित होगा।'

'नैतिकता या युद्ध के परिणामस्वरूप फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।... अगर 'खिलाफत' के सवाल का न्यायसम्मत निपटारा होता है तो 'जजीरत-उल-अरब' को खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता के आधीन पूरी तरह से मुसलमानों के नियंत्रण में ही देना होगा।'' 'खिलाफत आंदोलन' के दौरान ही दक्षिण अफ्रीका के एक मित्र ने गांधीजी से पूछा था कि 'क्या मुसलमान फिलिस्तीन यहूदियों को वापस कर देंगे?' इसके जवाब में गांधीजी ने 6 अप्रैल 1921 को 'यंग इंडिया' में मुसलमानों के ऐतिहासिक दावे को रेखांकित करते हुए लिखा था- 'मुसलमान दावा करते हैं कि फिलिस्तीन 'जजीरत-उल-अरब' का अविभाज्य अंग है। वे पैगम्बर की आज्ञा के अनुसार उस पर कब्जा बनाये रखने के लिए बाध्य हैं, किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि यहूदी और ईसाई फिलिस्तीन में बे-रोक टोक आ-जा नहीं सकते या वहां बसकर अचल संपत्ति के स्वामी नहीं हो सकते।' गैर-मुसलमान या यहूदी उस स्थान पर संपूर्ण प्रभुता-संपन्न वह अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते, जिस पर धार्मिक विजय के अधिकार से मुसलमानी शक्तियों का सदियों से कब्जा रहा है।'

'पिछले युद्ध में मुसलमान सैनिकों ने अपना खून इसलिए नहीं बहाया कि वे फिलिस्तीन को मुसलमानी नियंत्रण से बाहर किसी दूसरे को अर्पित कर दें। मैं चाहता हूं कि मेरे यहूदी मित्र भारत के सात करोड़ मुसलमानों की स्थिति पर निष्पक्ष भाव से विचार करें। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते क्या वे अपनी पवित्र मिल्कियत का एक ऐसे ढंग से छीना जाना बर्दाश्त कर सकते हैं जो उनकी दृष्टि में विश्वासघातपूर्ण है?' यहूदियों के प्रति सहानुभूति के बावजूद, महात्मा गांधी का स्पष्ट मानना था कि ऐतिहासिक और नैतिक रूप से फिलिस्तीन पर पहला अधिकार वहां के मूल निवासियों का है और किसी भी बाहरी छल-कपट या औपनिवेशिक दबाव से इसे यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।

**(लेखक 'आजादी बचाओ आंदोलन' एवं 'किसान स्वराज आंदोलन' से संबद्ध हैं।)**

## घरेलू सोने का उपयोग कर विदेशी मुद्रा बचाने की पेशकश

जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीयों से अपील की कि कम से कम एक साल के लिए भारत में सोने का आयात टाला जा सकता है, तो उन्होंने ऐसा उस बड़ी अनिश्चितता के संदर्भ में किया जिसका सामना देश कर रहा है। यह अपील खासकर मध्य पूर्व में संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने या लगभग बंद होने की वजह से बड़े पैमाने पर आपूर्ति में रुकावटों के कारण की गई। भारत अभी 72 अरब अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से ज़्यादा के सोने का आयात करता है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन तेजी से बढ़ गया है। भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व 700 अरब डॉलर से नीचे गिर गया है और कुल विदेश पूंजी निवेश नगण्य हो गया है। अगर खाद, ईंधन (कच्चा तेल और गैस) और दूसरे ज़रूरी सामान के स्टॉक में और कमी होती है तो कुल रिज़र्व मुश्किल से ही काफ़ी बफर दे पाएगा। अकेले भारत का ईंधन आयात कुल ज़रूरतों का 85 प्रतिशत से ज़्यादा है। समय-समय पर लगने वाले प्रतिबंध और अचानक आने वाली धमकियों से बढ़ते टकराव के हालात ने ईंधन आपूर्ति पर असर डाला है जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास और कभी-कभी उससे भी ज़्यादा बढ़ी हैं। मध्य पूर्व में अभी के शांति प्रयास शायद जल्द कामयाब न हों और इसलिए भारत को ऊर्जा की दूसरी मांगों को पूरा करने के लिए दूसरे रणनीतिक समाधान ढूंढने होंगे।



ए वासुदेवन

> **मध्य पूर्व में अभी के शांति प्रयास शायद जल्द कामयाब न हों और इसलिए भारत को ऊर्जा की दूसरी मांगों को पूरा करने के लिए दूसरे रणनीतिक समाधान ढूंढने होंगे। इस स्थिति को देखते हुए न केवल ईंधन बल्कि सोने और अन्य सामानों के बड़े पैमाने पर आयात पर (मूल्य के हिसाब से) निर्भरता कम करनी ज़रूरी है। सोना ऐसी ही एक चीज़ है।**

इस स्थिति को देखते हुए न केवल ईंधन बल्कि सोने और अन्य सामानों के बड़े पैमाने पर आयात पर (मूल्य के हिसाब से) निर्भरता कम करनी ज़रूरी है। सोना ऐसी ही एक चीज़ है। जहां तक सोने की बात है, भारतीय परिवारों के पास पारंपरिक रूप से आपातकालीन स्थितियों से निपटने, संपत्ति के तौर पर और शादियों जैसे मौकों पर गहनों के रूप में इस्तेमाल करने की ज़रूरत को पूरा करने के लिए सोना होता है।

भारतीय परिवारों के पास सोने का काफ़ी स्टॉक है। फिर भी सोने की मांग इतनी बढ़ रही है कि कुल आयात में इसके आयात का हिस्सा 2013-14 में लगभग 6 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में अनुमानित 9.25 प्रतिशत हो गया है। परिवारों के पास मौजूद सोने के अलावा, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई) के पास भी अप्रैल, 2026 के आंकड़ों के अनुसार 120 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सोना है। हिंदू, इस्लामी, सिख, ईसाई और बौद्ध धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले धार्मिक संस्थानों, ट्रस्टों, बोर्डों आदि के पास भी सोने का काफ़ी स्टॉक है। कुछ अनुमानों के अनुसार इन संस्थानों के पास 2500 से 4000 टन सोना है।

अप्रैल 2026 में रिजर्व बैंक का गोल्ड रिज़र्व कुल विदेशी मुद्रा रिज़र्व का लगभग 17 प्रतिशत थे। ये मैक्रो-इकानॉमिक स्थिरता लाने में मदद करते हैं और एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं जिसका उपयोग विदेशी मुद्रा की दरों में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए किया जा सकता है।

अगर घरों में सोने की मांग को पूरा करना है तो एक तरीका हो सकता है कि यह देखा जाए कि क्या धार्मिक संस्थान और ट्रस्ट बिना किसी बड़े नुकसान के इसे पूरा कर सकते हैं। यह कोई नया विचार नहीं है लेकिन इस पर अमल किया जा सकता है क्योंकि इन संस्थानों को ऐसे लोग चलाते हैं जो किसी भी अन्य नागरिक की तरह ही सामाजिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति जागरूक हैं। इसलिए भारत सरकार इन संस्थानों को 1 औंस (1 औंस लगभग 28.35 ग्राम), 2 औंस और 5 औंस के सोने के सिक्के और 10 औंस की टिकिया (टैबलेट) जारी करने और उन्हें व्यक्तियों/छोटे व्यापारियों को एक निश्चित सीमा तक (जैसे प्रति खरीदार 'प्रति दिन' 20 औंस से अधिक नहीं, साथ ही खरीदारों के पैन नंबर के साथ बिक्री का विवरण आयकर कार्यालयों को भेजे जाने के निर्देश के साथ) बेचने के लिए मना सकती है। औंस वजन या आयतन मापने की एक इकाई है जो मुख्य रूप से अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में प्रचलित है। इसमें एक बायबैक (वापस खरीदने) का विकल्प भी हो सकता है जिसकी कीमत एक साल बाद कीमती धातुओं या किसी प्रमुख विदेशी मुद्रा के फ़्यूचर मार्केट्स से तय की जा सकती है। इसके अलावा ये संस्थान, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया को बायबैक विकल्प के साथ सोने की छड़ें (गोल्ड बार) बेच सकते हैं जिसमें यह शर्त हो कि इस विकल्प का इस्तेमाल दो साल की अवधि के बाद किया जाएगा। हालांकि बिक्री की मात्रा प्रत्येक संस्थान के पास मौजूद कुल सोने के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर इस समझौते को और दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

इन संस्थानों से होने वाली कमाई का इस्तेमाल पहले की तरह ही शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, प्रिंट या डिजिटल किताबों वाली पब्लिक लाइब्रेरी और दूसरे सामाजिक कामों के लिए किया जा सकता है। इससे भी ज़्यादा फ़ायदेमंद यह होगा कि कमाई का एक बड़ा हिस्सा (जैसे कुल कमाई का 75-80 प्रश) टेक्नालॉजी और साइंस से जुड़े रिसर्च पर खर्च हो ताकि ऐसा नवाचार अपनाया जाए जिनसे उत्पादकता बढ़ाई जा सके। उदाहरण के लिए नए और अनोखे तरीकों से 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' का इस्तेमाल करने से कई उद्योगों- जैसे वाहन उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, रक्षा और एयरोस्पेस, लेज़र तकनीक, औद्योगिक विनिर्माण इत्यादि में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।सभी नवाचारों का पेटेंट कराया जाएगा और जो लोग इन पेटेंट्स का इस्तेमाल करना चाहेंगे उन्हें इसके लिए कीमत चुकानी होगी। पेटेंट के इस्तेमाल से मिलने वाली रकम को एक तय अनुपात (जैसे 20:80) में उस खास संस्थानों और असल रिसर्चर (या रिसर्च कराने वाली संस्थाओं) के बीच बांटा जाएगा। ऊपर दिए गए प्रस्ताव में यह बात है कि यह मौजूदा अनिश्चितता से विकास के लिए पैदा हुई मुख्य चुनौती को काफी हद तक हल करता है। सामान्य सकल घरेलू उत्पाद (ग्रास डोमेस्टिक प्रॉडक्ट- जीडीपी) में निवेश लगभग 32 फीसदी है और दुनिया भर में आर्थिक मंदी, बाहरी व्यापार और दूसरी दिक्कतों के मौजूदा हालात में इस अनुपात को और बढ़ाना भले ही विदेशी निवेशकों के लिए टैक्स के नियम आसान हों तो भी अगले 12 महीनों में तो बिल्कुल भी मुमकिन नहीं होगा। जीडीपी में निवेश के अनुपात के आलोक में यह नवाचारों और नई तकनीकी प्रक्रियाओं को अपनाने से संभव हुई उत्पादकता वृद्धि ही है जो काफी हद तक भारत की आर्थिक वृद्धि को सुरक्षित रखना सुनिश्चित करेगी।

**(लेखक रिज़र्व बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# त्रिपुर सुंदरी मंदिर की दान पेटी से निकले 95 लाख के सोने-चांदी के आभूषण

## कलेक्टर के निर्देश पर चल-अचल संपत्तियों के सत्यापन की कार्यवाही प्रारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर तेवर स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर की चल एवं अचल संपत्तियों के सर्वेक्षण, सत्यापन, सूचीकरण एवं अभिलेखीकरण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोरखपुर अनुराग सिंह के आदेश पर गठित समिति द्वारा प्रारंभ की गई कार्यवाही के दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षित रखी गई सीलबंद पेटी को नियमानुसार खोला तथा उसमें रखे स्वर्ण एवं रजत आभूषणों सहित अन्य सामग्री का भौतिक सत्यापन और सूचीकरण किया गया। पूरी प्रक्रिया समिति के सदस्यों की उपस्थिति में पारदर्शी एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराई गई। सत्यापन में पेटी से लगभग 26.17 किलोग्राम चांदी तथा करीब 200 ग्राम स्वर्ण आभूषण एवं सामग्री प्राप्त हुई। इनका विस्तृत विवरण तैयार कर अभिलेखों में दर्ज किया गया तथा सामग्री को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने की कार्रवाई की गई। प्राप्त संपत्ति का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 95 लाख रुपये आंका गया है। यह कार्यवाही अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर, जनपद पंचायत जबलपुर के सीईओ एवं मंदिर समिति के सदस्यों की उपस्थिति में की गई। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।



### मंदिर की समस्त संपत्ति का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने निर्देश दिए हैं कि मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियों का समुचित अभिलेखीकरण, संरक्षण और पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रहे और भविष्य में किसी प्रकार की अनियमितता या दुरुपयोग की संभावना समाप्त हो सके। उन्होंने कहा कि मंदिर की परिसंपत्तियां सार्वजनिक धार्मिक संपत्ति हैं और उनके संरक्षण के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। साथ ही मंदिर की समस्त संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक संजय पाठक के खिलाफ मानहानि याचिका की सुनवाई से जस्टिस मिश्रा अलग

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के खिलाफ एक और मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। कटनी के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान की ओर से विधायक पाठक के खिलाफ दायर मानहानि संबंधी याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामला जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध था, लेकिन उन्होंने स्वयं को प्रकरण की सुनवाई से अलग कर लिया।



गौरतलब है कि पाठक के खिलाफ अवैध उत्खनन से जुड़े एक अन्य मामले में भी जस्टिस मिश्रा ने खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने 1 सितंबर 2025 को आदेश पत्र में लिखा था कि विधायक पाठक ने उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की थी। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की खंडपीठ ने न्यायपालिका की शुचिता के मद्देनजर इस मामले पर विधायक पाठक के खिलाफ आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज किया था। यह फिलहाल लंबित है। याचिकाकर्ता नाजिम खान का आरोप है कि विधायक संजय पाठक ने अक्टूबर 2025 में सोशल मीडिया पर दिए गए इंटरव्यू में उनके खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और मान हानिकारक बयान दिए थे। इसके पूर्व नाजिम खान ने विधायक को एक करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भी भेजा था। नोटिस में आरोप लगाया गया कि विधायक ने उनकी दुकान से 14 हजार गोलियां गायब होने, अवैध हथियार बिक्री और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के हथियार लाइसेंस बनवाने जैसे आरोप सार्वजनिक रूप से लगाए। याचिका में कहा गया है कि कई शिकायतों के बावजूद पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न हीमामले की जांच की। इसी के चलते हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पुलिस को विधायक के खिलाफ अपराध दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस विशाल मिश्रा ने आदेश पारित करते हुए कहा कि प्रकरण को अगले सप्ताह ऐसी न्यायपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जिसमें वे सदस्य न हों।

## सार-समाचार

### शरद अग्रवाल के निवास में पवन पाटीदार ने किया नर्मदा पूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के जबलपुर आगमन पर भा जपा व्यापारी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के निज निवास पहुंच कर मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर आरती की। इस अवसर पर शरद अग्रवाल, संजय यादव, सचिन अग्रवाल अधिवक्ता, राम पटेल, चंद्रशेखर पटेल, रूपेश जायसवाल, स्पर्श, संस्कार सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे पाटीदार जी विभिन्न सामाजिक विषयों में चर्चा कर मां नर्मदा जी को प्रदूषित से बचाने के लिए चर्चा की अन्य विषयों में उपस्थित सभी लोगों से संवाद किया कार्यक्रम के समापन में शरद अग्रवाल ने पवन पाटीदार का शॉल श्रीफल सप्रेम भेंट कर स्वागत वंदन अभिनन्दन किया।

### टिकट चैकिंग से रेलवे ने कमाए 16 करोड़ 82 लाख रूपये

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के मई 2026 में अनबुक्ड लगेज, बिना टिकट यात्रा तथा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 2 लाख 7 हजार मामलें पकड़े गए जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 16 करोड़ 82 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जांच अभियान में बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के 3 हजार 300 मामलों से 22 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया। जबलपुर मंडल के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 1 लाख 1 हजार 800 मामलों से 8 करोड़ 87 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया। भोपाल मंडल के टिकट जांच के दौरान 68 हजार मामलों से 4 करोड़ 93 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया। कोटा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने अभियान के दौरान 34 हजार मामलों से 2 करोड़ 80 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

# जिला अस्पताल में चर्तुथ श्रेणी कर्मचारी बने बैठे बाबू साहब

## मरीजों को सेवाएं देने के बजाए, मेडिकल फिटनेस की वसूली में लगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय चिकित्सालयों में चर्तुथ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी अस्पताल के काम संभालना,मरीजों की सेवा करना होता है। लेकिन बीते कई सालों से सेठ गोविन्ददास चिकित्सालय में अजीब प्रथा चल रही है। यहां पर चर्तुथ श्रेणी कर्मचारी,अपनी-अपनी सेंटिग करके बाबू बनकर बैठे है। आफिस की साफ-सफाई व अन्य डीगर कार्य करने के बजाए वसूली अभियान में लगे हुए है। खासकर मंगलवार और शुक्रवार को तो यह स्थिति है कि पूरे दिन फिट-अनफिट और मेडिकल विकलांग बोर्ड में आने वाले आवेदकों के काम लगे रहते हैं और पूरे दिन वसूली अभियान चलता रहता है।



आउटसोर्स कर्मचारी भी वसूली में सूत्र बताते है कि आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है जिन्हें वार्डबॉय,मरीजों के लिए स्ट्रैचर में मरीजों को वार्ड पहुंचाने, ओटी पहुंचाने का काम होता है। यहीं नहीं वार्ड में कई और काम होते हैं मरीजों इसको करने के बजाए यह भी दिनभर घूमते रहते हैं।

### इनका कहना है-

जिस कर्मचारी की जो श्रेणी है उसे वहीं काम करना होगा। यदि इस तरह की शिकायत आती है तो उस कर्मचारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**-डॉ. नवीन कोठारी,** सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय

## कलेक्टर ने किया बाल निकेतन का औचक निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को राजकुमारी बाल निकेतन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ और संजय अब्राहिम सहित संस्था से जुड़े लोग मौजूद थे। इस बाल निकेतन में 6 से 18 वर्ष की 35 बालिकाएं पंजीकृत हैं। निरीक्षण के दौरान बाल निकेतन में आवास, भोजन और स्वच्छता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ठीक पाई गईं। कलेक्टर ने जिम्मेदारों से स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिये उनसे सीधे संपर्क करें।

# स्थाई पट्टाधारियों को नवीनीकरण व नामांतरण शीघ्र कराने के निर्देश

### नहीं कराने पर होगी भूखंड में पुन: प्रवेश की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र के स्थायी पट्टाधारियों को जिनकी लीज अवधि समाप्त हो चुकी है अथवा जिनका नवीनीकरण का मामला लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें समय-सीमा के भीतर नियमानुसार नामांतरण और लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नवीनीकरण की प्रक्रिया न करने पर संबंधित भूखंडों को वापस अधिरोपित कर 'री-एंट्री' की वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है।

अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत द्वारा जारी निर्देश में अधारताल अनुभाग के सिटी ब्लॉक क्रमांक 1 से 80, रांझी अनुभाग के सिटी ब्लॉक क्रमांक 81 से 150, सिविल स्टेशन के ब्लॉक क्रमांक 1 से 43 एवं 37-38 तथा गोरखपुर अनुभाग की लीज होल्डिंग सोसायटियों की स्थायी पट्टा भूमि पर काबिज नागरिकों से कहा गया है कि यदि उनकी भूमि का पट्टा, लीज अवधि पूर्ण हो चुकी है अथवा नवीनीकरण की प्रक्रिया लंबित है तो आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना नामांतरण एवं नवीनीकरण की कार्यवाही शीघ्र पूरी कराना होगी। अपर कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश में ऐसे भू-स्वामियों को भी, जिन्होंने वर्ष 2029 तक का पट्टा नवीनीकरण तो करा लिया है, परंतु अब तक राजस्व अभिलेखों तथा खसरे में अपनी अद्यतन जानकारी का संधारण नहीं कराया है, उन्हे अपने समस्त वैध दस्तावेजों के साथ कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 12 में तत्काल संपर्क करने कहा गया है। इसी प्रकार जिन नागरिकों को लीज नवीनीकरण कराना है उन्हें भी निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 12 से संपर्क करने कहा गया है।

### रादुविवि स्थापना दिवस पर पुष्पांजलि

# विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें विद्यार्थीः कुलगुरु

**जबलपुर, देशबन्धु।** ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के पथ पर अग्रसर हमारा विश्वविद्यालय 21 जून को अपने इतिहास में एक और गौरवमयी अध्याय शामिल करने जा रहा है, जब विवि के 36 वें दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एक साथ मंच पर उपस्थित रहेंगे। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर अपने ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। ये संदेश कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 71 वें स्थापना दिवस पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहीं।



स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के सम्मुख स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा एवं संस्थापक कुलपति पं. कुंजीलाल दुबे की प्रतिमा के सम्मुख माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यक्रम में प्रो. राकेश बाजपेई, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. एसएस संधू, डॉ. अश्वनी जायसवाल, डॉ. शोभाराम मेहरा, डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. प्रदीप विश्वकर्मा, डॉ. हरीश यादव, डॉ. मीनल दुबे, एआर पवन साहू, जितेंद्र तिवारी, डॉ. गजेंद्र सिंह, अजय सिंह, प्रेम पुरोहित, वीरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे। पुष्पांजलि कार्यक्रम के पश्चात एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना)के द्वारा डॉ. शोभाराम मेहरा, डॉ. देवांशु गौतम एवं शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुसुम प्रजापति के नेतृत्व में पॉलिथीन मुक्त परिसर श्रमदान व पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। आयोजन में डॉ. मीनल दुबे, डॉ. रेनु पाठक, डॉ. परिधि वर्मा, डॉ. राजुल अग्रवाल, डॉ. ज्योति चौबे, डॉ. प्रीति पेंडसें, डॉ. दीपा वर्मा. डॉ. जया सिंह, डॉ.दिव्या सिंह, डॉ. मोहसिना खान, डॉ. रानी वैद्य, डॉ. निधि दरबारी, डॉ. दीप्ति जैन, डॉ. मोहनिका गजभिये, डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. शैलेश प्रसाद, डॉ. मोहम्मद जावेद, डॉ. अभय सिंह व छात्रों में सुयश श्रीवास्तव, अमित शिवहरे, निखिल गुप्ता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ट्रिवेणी हेल्थकेयर का रक्तदान शिविर 14 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जीतो यूथ, सक्षम, त्रिवेणी हेल्थकेयर एवं यूनीपैथ लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में 14 जून को प्रातः 9 बजे से ट्रिवेणी हेल्थकेयर जबलपुर में रेड रैवोल्यूशन जबलपुर के अंतर्गत विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जीतो यूथ चेयरमैन सी.ए मयंक सिंघई ने शहरवासियों से इस मानव सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का निःशुल्क सीबीसी, कैल्शियम एवं रैंडम ब्लड शुगर परीक्षण भी किया जाएगा। अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में रक्त संग्रहण की समस्त व्यवस्था की जाएगी। संस्था का संदेश है कि 'आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के काम आ सकता है।

# डिजिटल हाजिरी के आदेश हवा में, चार संस्थानों की मनमानी पर प्रशासन सख्त

### ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था को हल्के में लेना पड़ा भारी, जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासन द्वारा सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था को जिले के कुछ संस्थानों ने गंभीरता से नहीं लिया। परिणामस्वरूप अब चार प्रमुख शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रशासन की निगाहों में आ गए हैं। मामले के सामने आने के बाद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि केवल कर्मचारियों और शिक्षकों की अनुपस्थिति ही नहीं, बल्कि इस व्यवस्था को लागू कराने में विफल रहने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों, कार्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया है। इसके बावजूद जबलपुर के कुछ संस्थानों में इस व्यवस्था का पालन नहीं किया जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि संबंधित संस्थानों का वेतन बजट नियमित रूप से जारी होता रहा, जबकि कई कर्मचारी और शिक्षक डिजिटल उपस्थिति प्रणाली के दायरे से बाहर बने रहे। मामले के उजागर होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर समीक्षा शुरू हुई है। अधिकारियों का मानना है कि ई-अटेंडेंस केवल उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों की कार्यस्थल पर उपलब्धता और कार्य निष्पादन की निगरानी का प्रभावी माध्यम भी है। इसके बावजूद यदि कोई संस्था इस व्यवस्था का पालन नहीं करती है तो इससे पूरे प्रशासनिक ढांचे की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

सूत्रों के मुताबिक जिन संस्थानों में सबसे अधिक लापरवाही सामने आई है, वहां लंबे समय से अनुशासनहीनता और निगरानी की कमी की शिकायतें मिल रही थीं। उच्च अधिकारियों को इस संबंध में कई बार जानकारी भी दी गई, लेकिन स्थानीय स्तर पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। अब इस पूरे मामले में संबंधित संस्था प्रमुखों और आहरण अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। नए निर्देशों के तहत यदि कोई कर्मचारी या शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करेगा तो उसे उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा और उसके वेतन पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

वहीं बिना सत्यापन के वेतन बिल तैयार करने वाले आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि शासन के निर्देशों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती के बाद संबंधित संस्थानों में हड़कंप की स्थिति है और वर्षों से चली आ रही ढीली व्यवस्था पर अब सवाल उठने लगे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी कई प्रशासनिक कार्रवाई सामने आ सकती हैं।

## संस्कारधानी में पर्यावरण संरक्षण के लिये रोपे जाएंगे 11 लाख पौधे



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर को प्रदूषण मुक्त और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से नगर निगम इस जून माह से 11 लाख पौधे लगाने का एक विशाल अभियान शुरू करने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्ययोजना के तहत पहले चरण में उमरिया पिपरिया की 20 एकड़ भूमि पर एक भव्य नगर वन तैयार किया जाएगा। इस स्थल का महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ संयुक्त दौरा कर भूमि का जायजा लिया। इस पूरे प्रोजेक्ट में जापानी मियाँवाकी पद्धति से सघन वन, प्राकृतिक जलाशय, पैदल पथ और फलदार वृक्षों का विकास किया जाएगा। आने वाले 1 वर्ष में शहर के विभिन्न हिस्सों की कुल 175 एकड़ भूमि को चिन्हित कर बड़े ऑक्सीजन जोन के रूप में तब्दील किया जाएगा। इस निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम से अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से, सहायक यंत्री मनोज पटैल, दीप्ति भनारिया, अमन तिवारी और सौरभ त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# 20 करोड़ की बेशकीमती सरकारी भूमि कब्जा मुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभाग क्रमांक 13 के संभागीय अधिकारी सागर बोरकर एवं संपदा शाखा के उपयंत्री प्रमोद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राइट टाउन चंचला बाई स्कूल स्थित शहर के मुख्य और पॉश क्षेत्र में स्थित नगर निगम स्वामित्व की लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य की बेशकीमती भूमि व भवन को पूरी तरह से कब्जेधारी से कब्जा मुक्त कराकर वहां तालाबंदी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि राइट टाउन स्थित चंचला बाई स्कूल पानी की टंकी के पास डायवर्सन प्लाट नं. 440, डायवर्सन शीट नं. 152 सी का एक बड़ा हिस्सा नगर निगम के स्वामित्व में दर्ज है। इस परिसर में पूर्व में कस्तूरबा स्कूल का संचालन किया जाता था। लेकिन पिछले कुछ समय से नियमों को ताक पर रखकर इस बहुमूल्य सरकारी संपत्ति पर लॉ कॉलेज के नाम से अवैध रूप से कब्जा जमा लिया गया था। उन्होंने बताया कि सरकारी संपत्ति को सुरक्षित करने के लिए तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए जिसपर नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुँची। बिना किसी दबाव के टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर को अपने नियंत्रण में लिया और मुख्य द्वारों पर तालाबंदी की गयी।



## नियमों के उल्लंघन पर सात दवा दुकानों के लायसेंस रद्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** दवा दुकानों पर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है, जहां नियमों के उल्लंघन पर 6 मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और 1 दुकान का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने यह औचक निरीक्षण किया। इस दौरान औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी देवेंद्र कुमार जैन के आदेश पर आर. पी. मेडिकोज भेड़ाघाट, न्यू गंगा मेडिकोज राइट टाउन, संजीवनी मेडिकल्स भेड़ाघाट, आयुष ड्रग स्टोर बिजौरी, मोही डिस्ट्रीब्यूटर्स घमापुर और विक्रांत इंटरप्राइजेज दवा बाज़ार सिविक सेन्टर को नोटिस थमाया गया, जबकि संतोषजनक जवाब न देने पर न्यू गुरुकृपा मेडिकल गंगा नगर का लाइसेंस रद्द हुआ। औषधि निरीक्षक की जांच में दवा दुकानों पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट गायब मिले। इसके अलावा दुकानों में दवाओं के खरीदने और बेचने का कोई सही रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा था। लाइफ सेविंग और अन्य दवाओं को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी फ्रीज या सही तापमान की व्यवस्था भी नहीं थी। सबसे बड़ी लापरवाही यह सामने आई कि मेडिकल स्टोर्स पर नशीली दवाओं (नारकोटिक्स) और गर्भपात किट (एबॉर्शन किट) का स्टॉक रजिस्टर से बिल्कुल अलग मिला।

## हर समस्या का समाधान संभव है, लेकिन जीवन का कोई विकल्प नहीं : डॉ. सुधा मेहता



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज में 'आत्महत्या की रोकथाम' संभाग स्तरीय सेंसटाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. पंजाबराव चंदेलकर, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, मुख्यवक्ता के रुप में डॉ. सुधा मेहता, सेवानिवृत्त प्राध्यापक मनोविज्ञान, वक्ता सुयश ठाकुर शासकीय अधिवक्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राहुल पटेल उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पंजाबराव चंदेलकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग आत्महत्या करते है उन्होंने बताया कि किसान की आर्थिक समस्याएँ, विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव, पारिवारिक तनाव, अकेलापन एवं सामाजिक अपेक्षाएँ आत्महत्या के प्रमुख कारण बन रहे है। मुख्यवक्ता के रुप में डॉ. सुधा मेहता ने कहा कि आत्महत्या केवल एक व्यक्ति का व्यक्तिगत निर्णय नही है, बल्कि यह परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए गहरी पीड़ा का कारण बनती है। प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमें अपने आस-पास किसी भी व्यक्ति को अकेला महसूस नहीं होने देगें। कार्यक्रम में मंच संचालन बुशरा खान एवं रुपाली उपाध्याय ने किया एवं आभार प्रदर्शन साक्षी मरावी, उमा भारती धुर्वे ने किया। संभाग स्तरीय कार्यक्रम में डॉ.स्मृति शुक्ला, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. सुनील वाजपेयी, डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. लक्ष्मीचंद, डॉ. वीणा वाजपेई, डॉ. शुभांगी धगट के साथ जबलपुर संभाग के जिलों के महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

## कथक वर्कशॉप में प्रतिभागी सीख रहे तकनीकी पक्ष, तोड़े-टुकड़े और परन



**जबलपुर,देशबन्धु।** कथक वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने कथक के तकनीकी पक्ष सीखे। तोड़े-टुकड़े और परन के भावों को समझ। प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण कथक वर्कशॉप में मिल रहा है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत कला अकादमी भोपाल और कथक नाद अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में कथक कार्यशाला का आयोजन महाराष्ट्र हाई स्कूल परिसर में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद 17 जून को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में कथक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शिविर में कथक नृत्यगुरु शालिनी खरे में निर्देशन में 150 से अधिक प्रतिभागी नृत्य बारीकियां सीख रहे हैं। कार्यशाला प्रशिक्षक नृत्यगुरु शालिनी खरे ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कथक के तकनीकी पक्ष जैसे तोड़े, टुकड़े, परन सिखाए जा रहे हैं। इसके साथ ही नृत्य भाव और मुद्राओं का नॉलेज भी दिया जा रहा है।

## त्रिभुवन सिंह का सेवानिवृत्ति समारोह

**जबलपुर,देशबन्धु।** डब्ल्यू.सी.आर.एम.एस के महामंत्री अशोक शर्मा, मण्डल सचिव डी.पी. अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष एस.एन.शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में हेडक्वार्टर ब्रांच के पदाधिकारी त्रिभुवन सिंह के सेवानिवृत्ति समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें महामंत्री द्वारा पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल एवं गिफ्ट देकर त्रिभुवन सिंह का सम्मान किया।



## आज निकलेगा संदल व चादर जुलूस, सूफियाना कलाम से सजेगी महफिल



**जबलपुर,देशबन्धु।** उपरैनगंज स्थित मौलाना की गली में हज़रत सैय्यद चाँद शाह वली के 29वें सालाना उर्स का आगाज़ जुमे को नमाज़-ए-मग़रिब के बाद कुरानख़्वानी के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित महफिल-ए-मिलाद शरीफ में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर बुजुर्गाने दीन को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। उर्स के दूसरे दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे मरहूम वली मोहम्मद के निवास से पारंपरिक संदल व चादर जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा, जहां मजार-ए-अकदस पर चादरपोशी एवं संदल पेश किया जाएगा।

नमाज़-ए-मग़रिब के बाद अकीदतमंदों के लिए लंगर का आयोजन किया जाएगा। वहीं नमाज़-ए-इशा के बाद मशहूर कव्वाल हलीम ताज अपनी टीम के साथ सूफियाना कलाम पेश करेंगे। कव्वाली कार्यक्रम से पूर्व स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। उर्स के अवसर पर दरगाह शरीफ को आकर्षक रोशनी एवं सजावट से सजाया गया है। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल वाजिद खान (राजा), सचिव मोहम्मद ताहिर खान, कोषाध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद रिज़वान खान, नीलेश पसारी एवं आशीष उसरेठे सहित कमेटी के पदाधिकारियों ने सभी अकीदतमंदों से उर्स की कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की गुजारिश की है।

## यू-ट्यूब पर छाई बुंदेली संस्कृति पर बनी शॉर्ट फिल्म

**जबलपुर,देशबन्धु।** बुंदेली संस्कृति और ग्रामीण जीवन पर आधारित हिन्दी शॉर्ट फिल्म हाट द विलेज मार्केट ट्रेंड कर रही है। जबलपुर में बनी और शहर के कलाकारों के अभिनय से तैयार यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं करती, बल्कि नई पीढ़ी को अपने अतीत, जड़ों और ग्रामीण संस्कृति से जोड़ने का संदेश देती है। फिल्म में बुंदेली संस्कृति की सजीव झलक नजर आती है। स्थानीय बोलचाल, पारंपरिक रीति-रिवाज और गांव के सामाजिक जीवन को अत्यंत स्वाभाविक रूप से चित्रित किया गया है। फिल्म में दर्शकों को ऐसा अनुभव मिल रहा है, मानो वे स्वयं ग्रामीण हाट में पहुंच गए हैं। फिल्म निर्माता अंजलि वर्मा, लेखन एवं निर्देशन मनीष दुबे, कलाकार गीतिका श्याम, राणा प्रताप सेंगर, सारिका नायक, विनय शर्मा, अमर परिहार, शक्ति दहायत, विहान पारे, सुनीता सेंगर, उदयभान सिंह राजपूत, ज्योति सिंह राजपूत, रवि शेखर, अमित विनेश सेंगर, पंकज पारे हैं। टेक्निकल टीम में क्रिएटिव प्रोड्यूसर रितेश वर्मा, डीओपी विजय पोहारे, संगीत श्रीधर नागराज, एडी संदीप दीक्षित, पीडी आशीष रावत, साउंड रवि शेखर, एलपी पंकज पारे शामिल हैं। फिल्म की शूटिंग गोसलपुर में हुई, जिसकी अवधि 28 मिनट 42 सेकंड की है।





## चलित प्रसादम सेवा के15 वर्षों में 20 लाख लोगों ने पाया भोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** आज से 15 साल पहले 4 अप्रैल 2011 हिंदू नव वर्ष पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की योजना से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी ने कहा भूखे को भोजन करना प्राचीन परंपरा है। शहर के किसी भी स्थान में 15 साल से गाड़ी में भोजन रखकर ले जाया जाता है वहां स्टील की थालियां में शुद्ध साफ भोजन पीने का शुद्ध पानी भी रहता है थाली भी आश्रम के भक्त ही धोते हैं। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया 5495 दिनों से प्रतिदिन लगातार जारी है अभी तक 20 लाख 60 हजार 625 लोगों ने प्रसाद पाया। आज मेडिकल कॉलेज साई मंदिर रामपुर में पूरी सब्जी कढ़ी चावल हलवा मालपुआ आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर शरद अग्रवाल बी .डी. पटेल सचिन अग्रवाल एडवोकेट, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दिवान सुरेश विश्वकर्मा, दुर्गा पटेल, रवि मेगा प्लास्टिक शिवकुमार पटेल बाबू सिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित थे।

## पूर्व छात्रों ने मित्र मिलन संध्या में पुरानी यादों को ताजा किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्रों के द्वारा मित्र मिलन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी मित्रों के द्वारा संगीत सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं सभी मित्रों को मोमेंटम प्रदान किए गये सभी ने मिलकर पुरानी एवं नई यादगार स्वर्णिम अमिट छाप अंकित की। हम सभी मित्र भविष्य में इसी तरह आगे भी मिलते रहेंगे एवं कई सामाजिक सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का हिस्सा बने रहेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र मोहम्मद मुजफ्फर हुसैन, आनंद पांडे, लक्ष्मी बेन, प्रदीप सराठे, महेंद्र रजक, निजाम भाई, मनोज श्रीवास्तव, आरिफ खान, नितेश रापर्तिवार, विजेंद्र झा उर्फ बॉबी, अनिल पाली, मधुर परनामी एवं मिर्जा बेग ने अपने लगभग 60 साथियों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का आनंद लिया।



## डा. शिप्रा सुल्लेरे स्वर कोकिला सम्मान से सम्मानित



**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक सुधा संगीत गुरुकुल संस्थान द्वारा विगत दिवस शहीद स्मारक में आयोजित आकाशवाणी के गायक गौरव रवि श्रीवास्तव की स्मृति समारोह में डॉक्टर शिप्रा सुल्लेरे को संस्कारधानी स्वर्ग कोकिला सम्मान से सम्मानित किया गया अतिथियों द्वारा उन्हें सम्मान पत्र के साथ 5100 की राशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अजय बिश्नोई एवं डॉक्टर शिप्रा सम्मान में कहा कि संगीत समाज में सुंदर कोमल भाव को जन्म देता है। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशील इंदु तिवारी ने डॉक्टर शिप्रा को बधाई देते हुए कहा कि आप जैसे कलाकार नगर का गौरव बढ़ाते हैं अतिथि अभिजात, कृष्ण त्रिपाठी ने संगीत आज के भौतिक दौर में संजीवनी कहा कार्यक्रम का संचालन करते हुए बैजनाथ गौतम ने कहा कि डॉक्टर शिप्रा शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत की त्रिवेणी है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 13 जून 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, जेष्ठ कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र- कृतिका**

मेष - दिन के आरंभ में नए काम की शुरुआत को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी। स्नेही मित्रों के साथ समारोह में जाना हो सकता है।

वृषभ - घर के सदस्यों के साथ आप आवश्यक चर्चा करेंगे। घर की सुंदरता बढ़ाने में व्यस्त रहने वाले हैं। मां का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। कार्यालय में अधिकारियों के साथ मधुर संबंध बनेंगे।

मिथुन - आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा।

कर्क - आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हो।

सिंह - आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा।

कन्या - आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला - आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा।

धनु - आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी।

मकर - आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज ज़िद्दी व्यवहार टालिएगा।

कुंभ - आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है।

मीन - आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा।

3,8,4,9,82,44,93,26,76,14,68

## 'एंडो डायलॉग 2026: देश के नामी डॉक्टरों का संगम बनेगा शहर

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर के प्रतिष्ठित डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव एवं डॉ. ऋतु श्रीवास्तव के नेतृत्व में आगामी 13 एवं 14 जून को पार्क इन बाय रैडिसन, जबलपुर में एंडो डायलॉग 2026 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आज यह जानकारी प्रेसवार्ता में डॉ.अभिषेक श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल एक चिकित्सा कार्यक्रम नहीं, बल्कि एंडोक्राइन एवं मेटाबॉलिक रोगों के क्षेत्र में देश के अग्रणी विशेषज्ञों का ज्ञान-संगम होगा। सम्मेलन में देशभर से 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय ख्यातिप्राप्त चिकित्सक, शोधकर्ता, प्रोफेसर एवं चिकित्सा विशेषज्ञ भाग लेंगे और नवीनतम शोध, उपचार तकनीकों तथा चिकित्सा चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन का मुख्य विषय 'ब्रिजिंग द गैप ऑन एंडो मेटाबॉलिक डिजीज' रखा गया है। इसके अंतर्गत मधुमेह, थायरॉइड, मोटापा, हार्मोनल असंतुलन, हृदय रोग एवं अन्य मेटाबॉलिक बीमारियों के उपचार में आ रहे आधुनिक बदलावों पर विशेष चर्चा होगी। प्रेस वार्ता में साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. वी. के. भारद्वाज ने कहा कि एंडो डायलॉग 2026 चिकित्सकों के लिए नवीनतम वैज्ञानिक शोध, उपचार पद्धतियों एवं क्लीनिकल अनुभवों को साझा करने का एक उत्कृष्ट मंच हैं। डॉ. परिमल स्वामी ने बताया कि देशभर से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों के लिए वैज्ञानिक सत्र, पैनल डिस्कशन एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों का विशेष आयोजन किया गया है।





## पिंक, ब्लू और ब्लैक ड्रेसकोड में मनाया स्नेह सम्मेलन

**जबलपुर,देशबन्धु।** पिंक, ब्लू और ब्लैक ड्रेसकोड में महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा के तत्वावधान में स्नेह मिलन आयोजित हुआ। अध्यक्ष मीना बड़कुल ने कार्यक्रम की शुरुआत। शुरुआत डॉ. कुसुम एवं विजयलक्ष्मी ने की। मंगलाचरण भानुप्रिया, स्वागत नृत्य दीप्ति छत्रपति ने प्रस्तुत किया। जल संरक्षण पर हास्य नाटिका संभाग अध्यक्ष संध्या जैन शांत, प्रांतीय उपाध्यक्ष निशा चौधरी, दीप्ति पंकज ने मंचन किया। नाट्य निर्देशन रानी जैन ने किया। प्रतिभा, आशा ने मनोरंजन गेम खिलाए गए। इसके साथ ही विजेताओं को पुरस्कृत किए गए। इस मौके पर आयोजक समिति द्वारा सभी बहनों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। सचिव संजना, रिचा, सुशीला नेता, सरप्राइज गेम मनी जैन, सुषमा पार्षद ने खिलवााया। आयोजन में डॉ. संध्या, राजकुमारी, पुष्पा, प्रेमलता, पूजा, मनीषा, रूपाली, सुजाता, चित्रा, शशि प्रभा, सुनीता मैक्स, उषा, चंद्रप्रभा, साधना, मंजू का सहयोग रहा।

## जमीयत उलमा ने यूसीसी के विरोध में अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** जमीयत उलमा जबलपुर की जानिब से अपर कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी को अध्यक्ष श्रीमति रंजना प्रकाश देसाई एवं सदस्यगण यू.सी.सी. समिति मध्य प्रदेश के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।यूनिफॉर्म सिविल कोड पर जमीयत उलमा जबलपुर मध्य प्रदेश का रूख :-यूनिफॉर्म सिविल कोड ऐसा प्रस्तावित कानूनी है जिसके तहत् विवाह तलाक, विरासत, गोल लेने एवं पारिवारिक मामलों में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू किया जायेगा चाहे उनका धर्म कोई भी हो। जमीयत उलमा जबलपुर का रूख मौलाना इकबाल नदवी के नेतृत्व में जमीयत उलमा जबलपुर का कहना है कि यू.सी.सी. भारत की धार्मिक विविधता और संवैधानिक भावना के खिलाफ है । जमीयत का मानना है कि भारत विभिन्न धर्मो संस्कृतियों और परम्पराओं का देश है। संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म के अनुसार जीवन जीने और अपने धार्मिक मामलों को संचालित करने का अधिकार देता है। मुस्लिम पर्सनल-लॉ कुरआन और सुन्नत पर आधारित है इसलिये उसमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप माना जायेगा । मौलाना इकबाल नदवी का कहना है कि मुसलमान देश के संविधान और कानून का सम्मान करते है लेकिन शरीयत से जुड़े मामलों में किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता उनका मानना है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड देश की विभिन्न धार्मिक समुदायों की अलग अलग पहचान और परम्पराओं को प्रभावित कर सकता है । मोहम्मद राशिद खान जनरल सेक्रेट्री, जमीयत उलमा जबलपुर मध्य प्रदेश का कहना है कि भारत की ताकत उसकी विविधता में है। अलग अलग धर्मो और समुदायों को अपनी पहचान और परम्पराओं के साथ रहने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिये उनका मानना है कि सभी समुदायों पर एक समान पारिवारिक कानून लागू करने से सामाजिक व संवैधानिक प्रश्न उत्पन्न हो सकते है जमीयत के तर्क मुस्लिम पर्सलन लॉ शरीयत पर आधारित है। यू.सी.सी. धार्मिक व्यक्तिगत कानूनों को प्रभावित कर सकता है ।निष्कर्ष :- जमीयत उलेमा जबलपुर मध्य प्रदेश का मानना है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड भारत की विविध धार्मिक परम्पराओं और विशेष रूप से मुस्लिम पर्सनल लॉ को प्रभावित कर सकता है इसलिये वह संविधान द्वारा प्रदत्त धारा 25 के तहत् धार्मिक स्वतंत्रता और अलग अलग समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों के संरक्षण के पक्षधर है तथा इस विषय पर संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से विचार विमर्श की वकालत करते हैं।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री बिहारी लाल शिवहरे-** शारदा चौक मेडिकल रोड निवासी श्री बिहारी लाल शिवहरे (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुरिन्दर कौर-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री साधू सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुरिन्दर कौर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कामता बर्मन-** नई बस्ती गौरीघाट निवासी श्री कामता बर्मन (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चमन लाल गोंटिया-** सिद्ध नगर नई बस्ती राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री चमन लाल गोंटिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री देवेंद्र कुमार ठाकुर-** सिविल लाइन स्थित एसपी बंगले के पास निवासी श्री अशोक ठाकुर के पुत्र श्री देवेंद्र कुमार ठाकुर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रिका प्रसाद यादव-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री चंद्रिका प्रसाद यादव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा बैरागी-** हाउबाग रेलवे स्टेशन रोड गोरखपुर निवासी श्री महेश बैरागी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा बैरागी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बुधिया बाई-** आर्य समाज मंदिर के पास गोरखपुर निवासी श्री साधू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती बुधिया बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती संध्या कुमारी रंजन-** वृंदावन कॉलोनी इंद्रा नगर रांझी निवासी श्री राकेश रंजन की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या कुमारी रंजन (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री ठाकुर-** न्यू कंचनपुर तीन पुलिया के पास अधारताल निवासी श्री विष्णु प्रसाद ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री ठाकुर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती जय देवी सुखदान-** वाजपेयी कम्पाउंड पेंटीनाका सदर निवासी श्री शिव नारायण सुखदान की धर्मपत्नी श्रीमती जय देवी सुखदान (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्याणी झा-** विकास नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री अशोक कुमार झा की धर्मपत्नी श्रीमती कल्याणी झा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# होटल में हुआ था विवाद, घर में की बमबाजी

## रांझी थानांतर्गत रिछाई की घटना, दहल उठा क्षेत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थानांतर्गत अंजलि कॉलोनी में गत रात सफेद एक्सिस स्कूटर पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने एक घर पर ताबड़तोड़ बम फेंककर सनसनी फैला दी। बम की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल गया गया। सिविल लाइन स्थित एक होटल में हुए विवाद का बदला लेने के लिए आरोपियों ने कर्मचारी के घर को निशाना बनाया।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वारदात की शुरुआत गुरुवार शाम को सिविल लाइन इलाके स्थित एक होटल में समर सोनकर, अरमान चौहान और उनके साथी एक कमरा किराए पर लेकर रुके थे। सभी आरोपी अत्यधिक नशे की हालत में होटल परिसर के भीतर हंगामा मचा रहे थे और गाली-गलौज कर रहे थे। ड्यूटी में तैनात होटल कर्मचारी मट्टू समद ने जब स्थिति को भांपते हुए उन्हें शांत रहने और शालीनता बरतने की सलाह दी तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने मट्टू समद पर बेल्ट से हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। होटल के अन्य स्टाफ ने बीच-बचाव कर किसी तरह तीनों को परिसर से बाहर निकाला, जिसके बाद बदमाशों ने मट्टू समद को रास्ते से हटाने की धमकी दी। इस घटनाक्रम के बाद होटल प्रबंधन ने तत्काल सिविल लाइन थाने में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवा दी थी।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई आरोपियों की पहचान**-होटल की ड्यूटी खत्म होने के बाद रात में पीड़ित कर्मचारी मट्टू समद रांझी के रिछाई स्थित अंजलि कॉलोनी में अपने घर पहुंचा था। उसके कुछ देर बाद ही सफेद दोपहिया वाहन से चारों हमलावर वहां धमक पड़े और एक के बाद एक कई देसी बम चला दिए। धमाकों की गूंज सुनकर स्थानीय निवासी घरों से बाहर आ गए और सड़क पर धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलते ही सीएसपी सतीश साहू और रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल क्षेत्र की नाकेबंदी कर आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले, जिसमें बापू नगर निवासी समर, हर्ष और अरमान स्कूटर पर बम ले जाते और फेंकते हुए साफ नजर आ रहे हैं। रांझी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

# सूने घरों को चोरों ने बनाया निशाना

## जेवरात व नकदी पर किया हाथ साफ


**जबलपुर, देशबन्धु।** अज्ञात चोरों ने विभिन्न थानांतर्गत क्षेत्रों में दो सूने मकानों में धावा बोलकर जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविता सोनी उम्र 46 वर्ष निवासी बड़ेरिया मिष्ठान्न समीप ने विगत 3 जून को आलमारी चेक की तो उसमें सोने की 2 चेन, 3 अंगूठियां, मनचली 11 पत्ते वाली, 1 लॉकेट, चांदी की 1 चेन, 6 जोड बिछिया रखी हुई थी। उसने गत दिवस अलमारी खोकर देखी तो जेवरात गायब थे।

इसी प्रकार खितौला थानांतर्गत कमल नारायण सोनी उम्र 41 वर्ष की काल भैरव चौक में नीतू कलेक्शन के नाम से गारमेंट की दुकान है। वह गत रात परिवार के साथ साई मंगलम कालोनी स्थित सोने के लिए चले गए था। युवक परिवार के साथ पालीवाल कॉलोनी स्थित किराये के मकान में वापस आकर देखा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखी अलमारी से जेवर सोने-चांदी के जेवर एवं नगद 4 लाख 50 हजार रुपये गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चोरों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ दी है।

# बाइक की टक्कर से युवक घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर थाने में कांचघर निवासी 38 वर्षीय शुभम आर्थर ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि वह बीती रात 8 बजे काम से लौटकर ऑटो से उतरकर पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। उसी समय पीछे से आ रहे एक मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे उसके हाथ व पैरों में चोटें आ गईं। अंधेरा होने की वजह से वह बाइक का नंबर नहीं देख पाया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



# छटवीं एसएएफ बटालियन में पासिंग परेड का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीएस) विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) 6वीं वाहिनी में शुक्रवार को 101वें बुनियादी प्रशिक्षण बैच की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। परेड में मध्यप्रदेश की विभिन्न 21 बटालियनों से आए 221 नव प्रशिक्षित आरक्षकों ने शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जोन) जबलपुर प्रमोद वर्मा ने परेड की सलामी ली एवं निरीक्षण किया। इस दौरान नव आरक्षकों ने आकर्षक परेड प्रदर्शन कर कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी आरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रमोद वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण संस्थान पुलिस विभाग को दक्ष और अनुशासित जवान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. उन्होंने नव आरक्षकों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान एवं कौशल का उपयोग करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें।

**1942 में हुई थी स्थापना**-कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि 6वीं वाहिनी की स्थापना वर्ष 1942 में हुई थी और वर्तमान में यह पुलिस प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण योगदान दे रही है. अब तक इस प्रशिक्षण संस्था से 100 बैच पास आउट हो चुके हैं और 101वें बैच के 221 आरक्षक सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया है. कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने नव प्रशिक्षित आरक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और समर्पण के साथ पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# शराब के लिए रुपए नहीं देने पर पत्थर व चाकू से किया हमला

## घमापुर और रांझी क्षेत्र की घटना

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर व रांझी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुए युवकों पर पत्थर व चाकू से हमला कर उन्हें चोटिल कर दिया। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिए हैं।

घमापुर पुलिस ने बताया कि सिद्धबाबा हनुमान होटल चौक के समीप रहने वाला ऑटो चालक 51 वर्षीय संजय राजपूत बीती रात करीब 9 बजे अपने घर के बाहर बैठा था। उसी समय मोहल्ले का नीरज उर्फ गोलू श्रीवास्तव पहुंचा और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए मांगने लगा। संजय ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी नीरज ने गाली-गलौज करते हुए उसे धक्का देकर गिरा दिया, इसके बाद पत्थर से हमला कर सिर में चोट पहुंचा दी।

इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि रिछाई निवासी 19 वर्षीय प्रिंस स्वामी बीती रात करीब साढ़े 8 बजे अपने दोस्त हर्ष सेन के साथ सब्जी लेने मड़ई की ओर जा रहा था। जैसे ही वे मड़ई तलैया मरघटाई के पास पहुंचे तो वहां उन्हें ऋतिक यादव व शुभम यादव मिले, जिन्होंने शराब पीने के लिए एक हजार रुपए मांगे। प्रिंस ने रुपए देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरु कर दी और ऋतिक ने प्रिंस को पकड़ लिया, जिसके बाद शुभम यादव ने चाकू से हमला कर उसके दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी और मौके से फरार हो गए। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा पकड़ाया

## चिकनी रोड स्थित बिल्लू के घर पर पुलिस का छापा

**जबलपुर, देशबन्धु।** कैंट पुलिस ने चिकनी रोड स्थित दिलीप उर्फ बिल्लू पटेल के घर पर दबिश देकर अवैध शराब का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 16 बोतलें व 203 पाव अंग्रेजी शराब कीमती 60 हजार रुपए की बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए शराब के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बगीचा नंबर-57 चिकनी रोड स्थित दिलीप कुमार पटेल उर्फ बिल्लू के घर पर खंडहरनुमा वाले हिस्से में दबिश दी गई, जहां से पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। वहीं मौके से पुलिस ने 1 कार्टून में बैगपाइपर अंग्रेजी शराब की 12 बोतलें, 1 कार्टून में बैगपाइपर की 4 बोतलें, 3 कार्टूनों में 8 पीएम अंग्रेजी शराब के 122 पाव, 1 नीले कलर के पिट्ठू बैग में बैगपाइपर अंग्रेजी शराब के 81 पाव बरामद किए। आरोपी दिलीप कुमार उर्फ बिल्लू के कब्जे से कुल 16 बोतलें एवं 203 पाव अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 60 हजार रुपए की जब्त करते हुए उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस आरोपी से उक्त अवैध शराब के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# परियट नदी में मिला युवक का शव

## खमरिया क्षेत्र की घटना

**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया के ग्राम मटामर से एक युवक बीते दिवस नहाने के लिए परियट नदी गया, फिर लौटकर नहीं आया। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन युवक को कुछ पता नहीं चल सका, जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई। शुक्रवार सुबह लापता युवक जग्गी चौधरी का शव कैलाशधाम वर्धाघाट परियट नदी में उतारते हुए मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस ने बताया कि कैलाशधाम मंदिर स्टैंड के पास पहरहा खमरिया निवासी 47 वर्षीय जग्गी चौधरी बीते दिवस दोपहर 12 बजे नहाने के लिए परियट नदी तरफ गया था, जो वापस लौटकर नहीं आया। उसकी पत्नी अनीता चौधरी ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उसकी खोजबीन की गई, लेकिन जग्गी का कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह जब परिजनों व रिश्तेदार उसकी तलाश करते हुए कैलाशधाम वर्धाघाट परियट पर पहुंचे तो जग्गी चौधरी का शव पानी में उतराते हुए मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# नाबालिगों के हक के दस्तावेज दबे न रह जाएं, अंतिम फैसले से पहले सुनवाई जरूरी : हाईकोर्ट

## मृत श्रमिक के बच्चों के मुआवजा दावे में हस्तक्षेप, श्रम न्यायालय को पहले दस्तावेज संबंधी आवेदन पर निर्णय के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि न्याय का अर्थ केवल फैसला सुनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि हकदार पक्ष को अपना पक्ष साबित करने का पूरा अवसर मिले। नाबालिगों के मुआवजा दावे में आवश्यक दस्तावेजों पर विचार किए बिना अंतिम निर्णय नहीं किया जा सकता। किसी मुकदमे में अंतिम निर्णय की जल्दबाजी ऐसी न हो कि वास्तविक हकदारों को अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर ही न मिले। विशेषकर तब, जब मामला नाबालिग बच्चों के अधिकारों और मृतक श्रमिक के मुआवजे से जुड़ा हो। इसी व्यापक सिद्धांत को रेखांकित करते हुए हाईकोर्ट ने श्रम न्यायालय को निर्देशित किया है कि अंतिम फैसला सुनाने से पहले आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कराने संबंधी आवेदन पर निर्णय किया जाए।

सिवनी निवासी मृत श्रमिक कुलपत दास के नाबालिग बच्चों की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उनके पिता की कार्यस्थल से जुड़ी मृत्यु के बाद कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत मुआवजे का दावा लंबित है। अंतिम बहस पूरी होने के बाद बच्चों को पता चला कि उनके पिता के रोजगार संबंधी कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रिकॉर्ड पर नहीं हैं। चूंकि वे नाबालिग हैं और दस्तावेज उनके पास नहीं हैं, इसलिए उन्होंने सीपीसी के आदेश क्रमांक 11 नियम 14 के तहत दस्तावेज तलब करने का आवेदन प्रस्तुत किया था। याचिका में कहा गया था कि आवेदन के साथ




शीघ्र सुनवाई का निवेदन भी किया गया, लेकिन श्रम न्यायालय ने उस पर विचार किए बिना प्रकरण को अंतिम निर्णय की ओर बढ़ा दिया। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि जब विवाद मुआवजे के दावे और नाबालिग बच्चों के अधिकारों से जुड़ा हैए तब दस्तावेजों की मांग संबंधी आवेदन पर पहले निर्णय किया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने श्रम न्यायालय को निर्देश दिया कि अंतिम निर्णय पारित करने से पूर्व उक्त आवेदन का निराकरण किया जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि आवेदन खारिज किया जाता है तो याचिकाकर्ताओं को उस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित समय भी दिया जाए। इसी निर्देश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया गया।

# अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपी की जमानत आवेदन निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस रामकुमार चौबे की एकलपीठ ने एक मामले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए कहा कि गंभीर आरोपों की जांच को प्रारंभिक स्तर पर बाधित नहीं किया जा सकता। उक्त मत के साथ एकलपीठ ने अवैध शराब कारोबार से जुड़े आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

मामला पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टपरे में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी बल्लू उर्फ रामपाल यादव ने गिरफ्तारी की आशंका जताते हुए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी। एकलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने राहत की मांग की, जबकि राज्य की ओर से इसका विरोध किया गया। प्रकरण के तथ्यों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी को अग्रिम जमानत देने का आधार न पाते हुए दायर अर्जी निरस्त कर दी।

# अधिकार क्षेत्र से बाहर दंडात्मक कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

## अवैध कॉलोनी विकास मामले में कलेक्टर-एसडीएम के आदेशों का प्रभाव स्थगित

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा है कि कानून जिन शक्तियों को न्यायालय के लिए सुरक्षित रखता है, उनका प्रयोग प्रशासनिक अधिकारी नहीं कर सकते। जिस पर इस सिद्धांत से जुड़े मामले में कथित अवैध कॉलोनाइजेशन प्रकरण में पारित कलेक्टर एवं एसडीएम के आदेशों के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगाई जाती है। एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

यह मामला छिंदवाड़ा निवासी जितेन्द्र चोरे की ओर से दायर किया गया था, जिनकी ओर से अधिवक्ता सौरभ शर्मा व विकास संतू ने पक्ष रखा। उन्होंने तर्क दिया कि मध्यप्रदेश कॉलोनी विकास नियम 2021 के तहत अनाधिकृत कॉलोनी के मामलों में निर्माण हटाने तथा डेवलपर व भूमि स्वामी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई का प्रावधान है, जबकि दंड और जुर्माना लगाने का अधिकार सक्षम न्यायालय के पास है। याचिका में मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-सी का हवाला देते हुए कहा गया कि अवैध कॉलोनाइजेशन के अपराध में सजा और जुर्माना न्यायालय द्वारा ही निर्धारित किए जा सकते हैं। ऐसे में कलेक्टर और एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई अधिकार क्षेत्र से परे है। याचिकाकर्ता ने इसी प्रकार के पूर्व प्रकरण में दी गई अंतरिम राहत का भी उल्लेख किया, जिसके बाद न्यायालय ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए विवादित आदेशों के प्रभाव और संचालन पर रोक लगा दी। साथ ही राज्य शासन को जवाब तथा आवश्यक होने पर स्थगन निरस्तीकरण आवेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी गई है।

# फर्जी अंकसूची पर एफआईआर को अवैध नहीं ठहरा सकते : हाईकोर्ट

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चयन में प्रस्तुत दस्तावेज सत्यापन में गलत पाए गए, याचिका निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया कि दस्तावेज की सत्यता का परीक्षण सक्षम संस्थान द्वारा किया जा चुका है और वह फर्जी पाया गया है। ऐसे में याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर देने से भी कोई व्यावहारिक परिणाम नहीं होगा। यदि आपराधिक प्रकरण दर्ज होता है तो याचिकाकर्ता कानून के अनुसार अग्रिम जमानत सहित अन्य वैधानिक उपाय अपनाने स्वतंत्र है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने दायर याचिका खारिज कर दी।

यह मामला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में कथित फर्जी 12वीं की अंकसूची प्रस्तुत करने के आरोप से जुड़ा था। न्यायालय ने कहा कि संबंधित संस्थान के सत्यापन में दस्तावेज जारी ही नहीं होना पाया गया है, ऐसे में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। दरअसल, टीकमगढ़ जिले की ममता यादव ने याचिका दायर कर 26 मई 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अधिकारियों को उनके खिलाफ सात दिन के अंदर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। याचिकाकर्ता का तर्क था कि बिना सुनवाई के अवसर दिए और बिना विधिवत जांच किए यह कार्रवाई की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत 12वीं की अंकसूची का सत्यापन कराया गया था। संबंधित संस्थान महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थानम ने स्पष्ट किया कि संलग्न अंकसूची उसके द्वारा जारी नहीं की गई है, जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिए।

# खितौला रेलवे ओवरब्रिज से गिरने पर युवक की मौत

**सिहोरा, देशबन्धु।** खितौला के वार्ड क्रमांक 12 निवासी एक युवक की रेलवे ओवरब्रिज से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार अल सुबह की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 12 निवासी आकाश पारवानी (36 वर्ष) पिता प्रकाश पारवानी सुबह टहलने के लिए निकले थे। टहलते हुए वे रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल से नीचे कुछ देखने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे अचानक नीचे गिर पड़े। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# 12 वर्षीय बालक का फांसी के फंदे में लटका मिला शव

**जबलपुर, देशबन्धु।** खितौला थानांतर्गत ग्राम परसवाड़ा में 12 वर्षीय बच्चे का षव खेत में फांसी के फंदे में लटका मिला। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। बच्चे के साथ कोई घटना घटित हुई या उसने यह आत्मघाती कदम खुद उठाया, इस संबंध में पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

खितौला से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरन सिंह परस्ते उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम डोम दादर शहपुरा जिला डिंडोरी ने सूचना दी कि वह अपने गांव तथा पड़ोस के गॉव खुर्सीपार से उड़द की तुड़ाई करने 3 पुरुष, 9 महिलाएं तथा 1 बच्चे के साथ ग्राम परसवाड़ा में लक्ष्मण पटेल के यहां काम करते थे, बसंती बाई का 12 वर्षीय बच्चा अमित वही खेलता रहता था। हम सब कटाई के बाद खाना खाने के लिए इकट्ठा हुए तो अमित नहीं दिखा। तलाश करने पर 3 खेत आगे नेमचंद पटेल के खेत में छिवला के पेड़ में शर्ट से बने फांसी के फंदे में उसका शव लटक रहा था। पुलिस ने प्रकरण को विवेचना में लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

# निवेश के नाम पर 20 लाख की धोखाधड़ी

**जबलपुर,देशबन्धु।** तीन आरोपियों ने निवेश के नाम पर महिला से 20 लाख रुपये चूना लगा दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। विजय नगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती अंकिता द्विवेदी उम्र 35 वर्ष निवासी एकतानगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि अमिष तिवारी, आयुष तिवारी तन्मय तिवारी तीनों निवासी गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर, द्वारा कार रेंटल व्यवसाय में निवेश करने पर प्रतिमाह सुनिश्चित आय का भरोसा दिया। आरोपियों के साथ निकट पारिवारिक संबंध होने के कारण उन्होंने 20 लाख रुपये चेक के माध्यम से जनवरी 2025 में दिये थे। आरोपियों के लाभ व रकम वापस नहीं की गयी। द्वारा पूर्व नियोजित षड़यंत्र के तहत उसके साथ ठगी की गयी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# ग्रामीणों का आक्रोश फूटा, सांसद दुबे का काफिला रोककर सौंपा ज्ञापन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पथरई में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब क्षेत्र के दौरे पर आए जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे का ग्रामीणों ने काफिला रोककर ज्ञापन दिया। ग्रामीण क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध उत्खनन और खदानों को लीज पर दिए जाने से बेहद आक्रोशित थे। ग्रामीणों ने सांसद को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने खदानों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो पथरई, देवनगर, हृदयनगर और शहजपुरा सहित आसपास के कई गांवों के लोग मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे।

ग्रामीणों ने अपनी गहरी आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि देवनगर और हृदयनगर पंचायत के बीच स्थित 200 साल पुराना प्राचीन 'डबरा वाली खेर माई मंदिर' क्षेत्र के लोगों की अगाध आस्था का केंद्र है। आरोप है कि इस धार्मिक स्थल के समीप ही खदान को लीज पर दे दिया गया है, जिससे इस ऐतिहासिक व प्राचीन मंदिर के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि इस पूरे खेल में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका



है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि बिना जनसुनवाई किए और स्थानीय लोगों की दावा-आपत्ति लिए बिना अधिकारियों ने खदान का प्रस्ताव कैसे आगे बढ़ा दिया? पूर्व में भी श्रीकांत पांडे और अन्य लोगों द्वारा यहां अवैध उत्खनन किया जा चुका है, जिस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**जल संकट और पर्यावरण को भारी नुकसान**-सांसद को दिए गए आवेदन पत्र के अनुसार, ग्राम पंचायत देवनगर और पथरई में नहर निर्माण की आड़ में कुछ रसूखदारों द्वारा मुरुम, बॉक्साइट और लेटेराइट खनिज का बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इस अंधाधुंध खनन के कारण क्षेत्र का भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है। खनन माफियाओं द्वारा नहर का गलत और अवैध तरीके से उपयोग किया जा रहा है, जिससे जल स्त्रोत नष्ट हो रहे हैं। क्षेत्र में पर्यावरण पूरी तरह प्रदूषित हो रहा है और मवेशियों के लिए चरनोई भूमि भी समाप्त हो रही है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पानी का गंभीर संकट गहराता जा रहा है, जिससे किसानों की रोजी-रोटी पर संकट आ गया है।

**सड़कों की दुर्दशा और बच्चों में दहशत का माहौल**-ग्रामीणों ने भारी वाहनों (हाइवा) के आतंक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन खदानों से दिन-रात निकलने वाले बड़े-बड़े हायवा ट्रकों के कारण क्षेत्र की सड़कों की हालत दिन-पर-दिन बदतर होती जा रही है। इन तेज रफ्तार वाहनों के कारण पहले भी कई लोग हादसों का शिकार होकर कुचले जा चुके हैं। सड़कों पर उड़ती धूल और भारी वाहनों के डर से बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं, और माता-पिता हमेशा किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत रहते हैं।

**सांसद से आखिरी उम्मीद, आंदोलन की तैयारी**- ग्रामीणों ने स्पष्ट लहजे में कहा कि क्षेत्र से खनन माफियाओं को खदेड़ा जाए और देवनगर व हृदयनगर की सभी खदानों पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाया जा रहा है और विरोध करने पर जान-माल की हानि की आशंका बनी रहती है। अब उन्हें अपने सांसद से ही आखिरी उम्मीद है। यदि इस पर जल्द ही उच्चस्तरीय जांच कराकर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो समूचा क्षेत्र सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को विवश होगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रूपेश नायक, बाबू पाण्डेय, शुभम नामदेव, बाकील यादव, रामकुमार नायक, दिनेश भूमिया, अन्नू यादव, अनिल महाराज सहित भारी संख्या में समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का पाटन में भव्य स्वागत



**पाटन, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्रशासक महेंद्र सिंह यादव का शुक्रवार को पाटन आगमन पर यादव महासभा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं जनप्रतिनिधि संगठनों ने उनका पुष्पमालाओं से अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं। पाटन पहुंचने पर श्री यादव ने सर्वप्रथम नगर स्थित सिद्धेश्वरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने पाटन जिला सहकारी बैंक का निरीक्षण कर बैंक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद जनपद सदस्य एड. शक्ति राज यादव के नेतृत्व में जनपद पंचायत पाटन में आयोजित स्वागत समारोह में श्री यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में निकाय अध्यक्ष आचार्य जागेंद्र सिंह, जनपद अध्यक्ष ज्योति ठाकुर, जनपद सदस्य शक्ति राज यादव, संजय सिंह ठाकुर, हाकम सिंह ठाकुर, राकेश यादव, रामकृष्ण यादव, शिवकुमार गोंटिया, मीना ठाकुर एवं नवीन पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया। वहीं, बेनीखेड़ा ग्राम में सरपंच राहुल यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों की उपस्थिति में भी महेंद्र सिंह यादव का स्वागत किया गया।

### सार-समाचार

## अनाज घोटाले के आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी पर उठे सवाल

### जांच प्रभावित होने की आशंका

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थाना क्षेत्र के उड़ना सड़क गांव निवासी एक अनाज कारोबारी एवं उसके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज होने के लगभग दस दिन बीत जाने के बाद भी पाटन पुलिस को इनकी गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिली है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है तथा फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठने लगी है।

सूत्रों का दावा है कि फरारी के दौरान भी संबंधित लोगों का प्रभाव विभिन्न मामलों की जांच पर पड़ रहा है। इसी क्रम में मझौली क्षेत्र के हटोली पिपरिया स्थित अन्नपूर्णा वेयरहाउस में कथित रूप से हजारों क्विंटल गेहूं के गड़बड़ी प्रकरण की चर्चा सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में फरार अनाज कारोबारी तथा कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आए थे, लेकिन बाद में जांच प्रतिवेदन में बदलाव करने में फरार



अनाज कारोबारी का नाम हटा दिया गया और कुछ अफसरों को इसी मामले में झूठा फंसा दिया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि जान जोखिम में डालकर कौन सरकारी नौकरी करेगा। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं महिला स्व-सहायता समूहों के डिजिटल हस्ताक्षर और दस्तावेजों के उपयोग को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ समूहों के डिजिटल सिग्नेचर गायब होने अथवा उनके दुरुपयोग की चर्चाएं भी क्षेत्र में हो रही हैं। यदि ऐसा हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसानों और सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज होने के उपरांत फरार आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित कर कार्रवाई तेज की जानी चाहिए।

क्षेत्रीय नागरिकों ने जिले के पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शामिल कर विशेष गिरफ्तारी दल का गठन किया जाए, ताकि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके और मामले से जुड़े सभी तथ्यों का निष्पक्ष खुलासा हो सके।

**इनका कहना है**

इस मामले की जांच चल रही है और आरोपियों के मोबाइल फोन स्विच-ऑफ आ रहे हैं, पाटन पुलिस इन सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करेगी।

**गोपेन्द्र सिंह राजपूत, थाना प्रभारी पाटन**

## मूंग-उड़द खरीदी व्यवस्था से किसान परेशान, खरीदी प्रक्रिया पर उठे सवाल

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही किसानों को विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की परेशानियों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं सह मीडिया प्रभारी निशांत पटेल ने शासन-प्रशासन से खरीदी व्यवस्था में सुधार करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसान खरीदी से अधिक परेशान हो रहे हैं, जबकि इसका लाभ किसानों के बजाय बिचौलियों को मिलता दिखाई दे रहा है। निशांत पटेल ने कहा कि किसानों को एक बोरी खाद के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। वहीं मूंग और उड़द के पंजीयन के लिए पूरे परिवार को लेकर बायोमेट्रिक सत्यापन कराना पड़ रहा है। इसके बावजूद कई बार सर्वर की समस्या के कारण किसानों का पंजीयन नहीं हो पाता। किसानों को बार-बार केंद्रों और संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में अभी तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। अनेक किसानों की भूमि का रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से वे खरीदी प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा स्लॉट बुकिंग के समय भी सर्वर डाउन रहने की समस्या लगातार सामने आ रही है, जिसके कारण किसानों को निर्धारित समय पर स्लॉट नहीं मिल पा रहे हैं।



## 'यमदूत' बना बिजली का खंभा!

### 11 केवी लाइन के नीचे मंडरा रहा बड़ा खतरा शिकायतों के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

**पाटन, देशबन्धु।** नगर परिषद पाटन के वार्ड क्रमांक 4 में एक जर्जर बिजली पोल लोगों की जान पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। मुक्तिधाम नाग तालाब रोड पर स्थित यह पोल नीचे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है और स्थानीय लोगों के अनुसार तेज हवा चलने पर हिलने भी लगता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसी पोल से 11 केवी विद्युत लाइन गुजर रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पोल की हालत लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन विद्युत विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्र में बच्चों का आना-जाना और खेलना सामान्य बात है, ऐसे में यदि पोल गिरता है या कोई तकनीकी खराबी होती है तो गंभीर जनहानि होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

वार्ड क्रमांक 4 के निवासी ओंकार प्रसाद अहिरवार और लेखराम अहिरवार ने बताया कि इस संबंध में कई बार विद्युत मंडल को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी समस्या के प्रति उदासीन बने हुए हैं। उनका आरोप है कि बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

नागरिकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जर्जर पोल को न तो बदला गया और न ही उसकी मरम्मत की गई। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह पोल किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर जर्जर पोल को बदलने और संभावित हादसे को रोकने की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को किसी अनहोनी का इंतजार करने के बजाय पहले ही सुरक्षा के इंतजाम करने चाहिए। अब सवाल यह है कि क्या बिजली विभाग किसी बड़ी दुर्घटना के बाद जागेगा या फिर लोगों की जान की सुरक्षा के लिए समय रहते कदम उठाएगा?

## 100 प्रतिशत छात्र मैपिंग और अपार आईडी बनाने के सख्त निर्देश, शिक्षकों को लगाई फटकार

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



**सिहोरा, देशबन्धु।** शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सांदीपनि विद्यालय पं. विष्णु दत्त सीएम राइस विद्यालय सिहोरा में संपन्न हुई, जिसमें आगामी सत्र की तैयारियों, विभागीय कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा केन्द्र जबलपुर के डीपीसी योगेश शर्मा ने शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए शत-प्रतिशत मैपिंग, छात्र नामांकन और शालाओं की व्यवस्थाओं को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**तकनीकी टीम की गरिमामयी उपस्थिति**-इस उच्चस्तरीय बैठक में शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारियों सहित तकनीकी एवं प्रशासनिक अमले ने सहभागिता की। बैठक में डीपीसी योगेश शर्मा, एपीसी राजेश तिवारी, बीईओ अरविंद धुर्वे, बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव, जिला प्रोग्रामर पारुल राय, सीएम राइस प्राचार्य अशोक उपाध्याय, एई चंदन चंसोरिया, एपीसी ईडी तरुण राज दुबे, बीएसी अश्वनी उपाध्याय एवं राकेश मिश्रा, उपयंत्री सुलभ चौबे व अतुल मिश्रा, एमआईएस आशा आरसे और विपिन कुररिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शून्य नामांकन पर नाराजगी; 100 प्रतिशत छात्र मैपिंग और 'अपार आईडी' के कड़े निर्देश-बैठक के दौरान डीपीसी योगेश शर्मा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सख्त रुख अपनाया। उन्होंने सभी विद्यालयों में छात्रों की 100 प्रतिशत मैपिंग, चाइल्ड ट्रैकिंग और पोर्टल पर छात्र प्रोग्रेशन का कार्य समय पर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। कक्षा-1 में 0 (शून्य) नामांकन वाली स्थिति पर उन्होंने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को फटकार लगाई। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी छात्रों की 'अपार आईडी' शीघ्र अतिशीघ्र बनवाई जाए।

**ई-अटेंडेंस के आधार पर ही जारी होगा वेतन : बीईओ**

बीईओ अरविंद सिंह धुर्वे ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी शिक्षक और कर्मचारी प्रतिदिन 'ई-अटेंडेंस' अनिवार्य रूप से लगाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी समय में इसी अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन आहरित किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए उन्होंने वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए जलस्त्रोत के पास सोकपिट (सोखता) गड्ढा तैयार करने के भी निर्देश दिए।

विद्यालयों का स्वयं मूल्यांकन और वर्षा पूर्व छतों की सफाई के निर्देशबीआरसीसी ब्रजेश श्रीवास्तव ने शाला प्रबंधन और रख-रखाव पर जोर देते हुए कहा कि सभी प्रभारी अपने-अपने विद्यालय का स्वयं मूल्यांकन करें। मानसून और विद्यालय प्रारंभ होने से पहले संस्था प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि शाला भवनों की छतों में जमा कचरे को पूरी तरह साफ कर दिया जाए, जिससे बारिश के पानी का भराव या रुकाव न हो सके और भवन सुरक्षित रहें।

**महत्वपूर्ण योजनाओं एवं ऐप्स पर तकनीकी ओरिएंटेशन**-बैठक के अंतिम चरण में विभागीय योजनाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके अंतर्गत 'हमारे शिक्षक ऐप' के माध्यम से चाइल्ड ट्रैकिंग ऐप, सोशल ऑडिट वाली शालाओं की मॉनिटरिंग, स्व-सहायता समूहों का नवीनीकरण, एफआईएमएस पोर्टल के संचालन की प्रक्रिया बताई गई।

इसके साथ ही शालाओं में पीने के पानी की टंकी की नियमित साफ-सफाई रखने, शत-प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनवाने, सीडब्लूएसएन कार्ययोजना तैयार करने और दिव्यांग बच्चों का शाला में अनिवार्य रूप से प्रवेश सुनिश्चित कराने जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियों और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## जनसेवा, संविधान और लोकतंत्र के प्रहरीः राज्यसभा में विवेक तन्खा के गौरवपूर्ण 10 वर्ष

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्यसभा सदस्य के रूप में अधिवक्ता विवेक तन्खा के 10 वर्ष पूर्ण होना लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक प्रतिबद्धता और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह केवल एक संसदीय उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता की आवाज को संसद तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की उनकी निरंतर भूमिका का प्रमाण भी है। एक जनप्रतिनिधि, विधिवेत्ता और सामाजिक चिंतक के रूप में उन्होंने जिस सक्रियता और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, वह उन्हें देश के प्रमुख सार्वजनिक व्यक्तित्वों की श्रेणी में स्थापित करता है। विवेक तन्खा देश के प्रतिष्ठित विधिवेत्ताओं में शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में उन्होंने कानून और संविधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।



न्याय, समानता और लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाई। विधि के क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव और संवैधानिक विषयों की गहरी समझ ने उन्हें संसद में भी एक प्रभावशाली और विचारशील सांसद के रूप में स्थापित किया है। राज्यसभा में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी स्पष्ट और तथ्यपरक राय रखकर लोकतांत्रिक विमर्श को समृद्ध किया है। वर्ष 2016 में राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय और युवा विकास जैसे विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने सदैव उन मुद्दों को प्राथमिकता दी जो सीधे आमजन के जीवन से जुड़े हैं। उनका मानना रहा है कि लोकतंत्र की वास्तविक सफलता तभी संभव है, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और शासन व्यवस्था आमजन की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करे। मध्यप्रदेश, विशेषकर महाकौशल क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। नर्मदा संरक्षण, क्षेत्रीय अधोसंरचना विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, सड़क एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े विषयों पर उन्होंने लगातार प्रयास किए। प्रदेश के हितों की प्रभावी पैरवी और क्षेत्रीय समस्याओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के कारण उन्हें जनता के बीच व्यापक सम्मान प्राप्त हुआ है। नर्मदा नदी के संरक्षण और उसके सांस्कृतिक महत्व को लेकर उनकी प्रतिबद्धता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। विवेक तन्खा का योगदान केवल संसदीय कार्यों तक सीमित नहीं रहा है।

उन्होंने कानून, समाजसेवा और जनप्रतिनिधित्व के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। राज्यसभा में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। एक वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में उन्होंने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और न्यायिक व्यवस्था में जनविश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संसद के भीतर और बाहर जनहित के मुद्दों पर उनकी स्पष्ट सोच, रचना क संवाद और सकारात्मक दृष्टिकोण ने उन्हें एक प्रभावशाली जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया है।

संसद में विवेक तन्खा की पहचान एक गंभीर, अध्ययनशील और सकारात्मक सोच रखने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में रही है। उन्होंने सदैव रचनात्मक संवाद, संसदीय मर्यादाओं और लोकतांत्रिक परंपराओं के सम्मान को प्राथमिकता दी है। विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर उनके विचार संतुलित, तथ्यपरक और दूरदर्शी रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें राजनीतिक सीमाओं से परे भी सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उनका सार्वजनिक जीवन यह संदेश देता है कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी है। विवेक तन्खा के राज्यसभा में 10 वर्ष केवल एक जनप्रतिनिधि के कार्यकाल का लेखा-जोखा नहीं हैं, बल्कि संविधान के प्रति आस्था, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रेरक यात्रा हैं। उन्होंने संसद और समाज के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करते हुए आमजन की आकांक्षाओं को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय विकास के लिए उनके सतत प्रयासों ने लोकतंत्र को अधिक सहभागी और जनोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनके गौरवपूर्ण 10 वर्ष लोकतंत्र, संविधान और जनसेवा के प्रति समर्पण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किए जाएंगे। उनका सार्वजनिक जीवन यह सिद्ध करता है कि यदि जनप्रतिनिधि संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें तो वे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आने वाले समय में भी उनसे इसी दूरदर्शी नेतृत्व, जनसेवा और लोकहितकारी योगदान की अपेक्षा रहेगी। राज्यसभा सदस्य के रूप में 10 वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सांसद विवेक तन्खा को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

## पाकिस्तानः बन्नू में हथियारबंद हमलावरों का कहर, दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में अलग-अलग घटनाओं में हथियारबंद हमलावरों की गोलीबारी में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को एक पुलिस कांस्टेबल किसी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। तभी बन्नू-मीरानशाह रोड पर अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एक दूसरी घटना में, एक और पुलिस कांस्टेबल को उसके घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में हमलावरों को पकड़ने के लिए संबंधित इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले इसी हफ्ते, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के किला अब्दुल्ला, पिशिन और डुकी जिलों में पुलिस ठिकानों पर हुए हमलों में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।

# किम जोंग उन के देश में भेज दिए थे ड्रोन, दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति को 30 साल की सजा

दक्षिण कोरिया के पूर्व उपराष्ट्रपति यून सुक येओल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक अदालत ने उन्हें उत्तर कोरिया पर ड्रोन अटैक करने के मामले में 30 साल कैद की सजा सुना दी है। उनपर 2024 में देश में मार्शल लॉलागू करने और सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक अक्टूबर 2024 में येओल ने उत्तर कोरिया की सीमा में ड्रोन भेज दिए थे जिसके बाद तनाव काफी बढ़ गया था। ऐसे में उन्हें युद्ध जैसी स्थितियां पैदा करने का दोषी पाया गया।



**पहले भी हो चुकी है उम्रकैद-** अभियोजन पक्ष ने पूर्व राष्ट्रपति के लिए 30 साल की सजा की मांग की थी। हालांकि युन ने सभी आरोपों से इनकार किया और कहा कि उन्होंने देश के खिलाफ कोई गद्दारी नहीं कीहै। इससे पहले करिया की एक अदालत ने उनपर मार्शल लॉ लागू करने और विद्रोह में प्रमुख भूमिका निभाने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुना दी थी। यून के खिलाफ महाभियोग लाया गया था जिसे संवैधानिक अदालत ने बरकरार रखा और फिर उन्हें पद से हटा दिया गया। ड्रोन उड़ाने वाले मामले की वजह से अब भी उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में तनाव बना हुआ है। वर्तमान राष्ट्रपति ली जे म्यंग ने खेद जताते हुए कहा कि इस तरह के अनावश्यक तनाव से केवल देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान होता है। जांच में सामने आया था कि पूर्व राष्ट्रपति के शासनकाल में उत्तर कोरिया में ड्रोन तैनात कर दिए गए थे। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के बयान को बुद्धमानी बाताय है। बता दें कि 65 साल के यून सुक येओल ने दिसंबर 2024 में सेना और पुलिस बलों की मदद से संसद पर नियंत्रण करने की कोशिश की थी। उनपर आरोप है कि उन्होंने नेशनल असेंबली को अवैध तरीके से कब्जाने का प्रयास किया था। बादमें उन्होंने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतों को रोकने के लिए उन्होंने ऐसा किया था।

# पाकिस्तान नहीं, यहां हो सकता है अमेरिका और ईरान के बीच समझौता, डोनाल्ड ट्रंप ने किया दावा

अमेरिका और ईरान के बीच समझौता करवाने का क्रेडिट लेने के पीछे पाकिस्तान लंबे समय से पड़ा हुआ है। पाकिस्तान में एक बार वार्ता फेल भी हो चुकी है। वहीं अब डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच समझौता बेहद करीब है लेकिन पाकिस्तान में समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होंगे बल्कि यह डील यूरोप में फाइनल होगी। ट्रंप ने दावा किया को दोनों देशों के बीच बड़ा समझौता होने वाला है। हालांकि ईरान ने इस बात से इनकार कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप से जब सवाल किया गया कि क्या ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतभा खामेनेई डील को लेकर तैयार हो गए हैं तो उन्होंने कहा, मैं जानता हूं उनका जवाब हां में ही हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान परमाणु हथियार छोड़ने को तैयार है। वे ना तो परमाणु हथियार खरीदेंगे और ना ही खुद विकसित करेंगे। ट्रंप ने कहा, हाल ही में स्थितियां बहुत गंभीर हो गई थीं। जो कुछ भी हुआ, मैं करना नहीं चाहता था। लेकिन कई बार हमला करना भी जरूरी हो जाता है।

**टकराव बढ़ा फिर नरम पड़े ट्रंप-** बीते तीन दिन से ईरान और अमेरिका में फिर से टकराव बढ़ गया था और युद्धिराम का उल्लंघन करते हुए दोनों तरफ से हमले होने लगे थे। इसके बाद गुरुवार को ट्रंप ने कहा कि वह अब ईरान पर हमला नहीं करना चाहते। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने यह कदम इस आधार पर उठाया है कि ईरान के साथ बातचीत ईरानी नेतृत्व के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुकी है और उसे मंजूरी मिल चुकी है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि नाजुक युद्धविराम को बढ़ाने की बातचीत में प्रगति हुई है। उन्होंने पोस्ट किया कि चर्चाएं और अंतिम बिंदु, दोनों ही अवधारणा और विस्तृत स्तर पर, अमेरिका, इजराइल और अन्य क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं।% हालांकि उन्होंने इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

**तेल उद्योग पर कब्जा करने वाले थे ट्रंप?-** इस नरमी से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को बहुत ही जोरदार हमला करने और तेल उद्योगों पर कब्जा कर लेने की धमकी दी थी। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ते ही दुनियाभर के बाजार भी अस्थिर हो जाते हैं। खास तौर पर तेल का बाजार तुरंत भाव खाने लगता है। डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करे की धमकी कई बार दे चुके हैं।

## आज का इतिहास

1290- खिलजी प्रमुख जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा और इसके साथ ही गुलाम वंश के शासन का अंत हुआ।
1731- स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना।
1757- बंगाल, बिहार और उड़ीसा के नवाब सिराजुद्दौला से युद्ध करने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के रॉबर्ट क्लाइव ने मुर्शिदाबाद की तरफ कूच किया।
1888- अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया।
1909- केरल के पालाघाट में ई एम एस नंबूदरिपाद का जन्म।
1932- ब्रिटेन ने 72 वर्षों तक स्वेज नहर का नियंत्रण अपने कब्जे में रखने के बाद उसे मिस्र को सौंपा।
1940- देश के महान क्रांतिकारी ऊधम सिंह को लंदन में फांसी दी गई। उन्हें जनरल ओ डायर की हत्या का दोषी ठहराया गया।
1943- नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से तोक्यो पहुंचे।
1944- बान की मून का जन्म। संयुक्त राष्ट्र संघ के आठवें महासचिव थे।

## सुडोकू 7300

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पीएमईजीपी लोन घोटाले में 19 के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लोन मंजूर करने और उनके वितरण में कथित अनियमितता मामले में 19 लोगों, जम्मू-कश्मीर बैंक के अज्ञात अधिकारियों और अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीएमईजीपी एक केंद्रीय योजना है जो ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

## राजद प्रदेश कार्यालय में मनाया गया लालू यादव का जन्मदिन

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश कार्यालय में प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव का 79वां जन्मदिन मनाया गया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, विधायक भाई वीरेंद्र सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के 79 वें जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं व दीर्घायु होने की कामना की।

## मुंबई की रिहायशी इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के उपनगर जुहू इलाके में गुरुवार सुबह एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में आग लग गई हालांकि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचनी नहीं है। अग्निशामक दल के सूत्रों के अनुसार, घटना सुबह 7:43 बजे जुहू में आरोग्य निधि अस्पताल के पास स्थित मनीषा बिल्डिंग में हुई। आग इमारत की छठी मंजिल पर लगे एक एसी यूनिट तक ही सीमित रही। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियां और अग्निशमन अन्य वाहन लगाए गए। दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## वज्रपात की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार को वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई, तथा कई अन्य लोग झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोगरी अनुमंडल क्षेत्र के कन्हौली बहियार में आज सुबह बारिश के दौरान वज्रपात होने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान 62 वर्षीय विधानंद यादव, उनके पुत्र आशुतोष यादव तथा अंकेश कुमार के रूप में की गई है। घटना में कई अन्य लोग भी झुलस गए हैं। सूत्रों ने बताया कि बेलदौर प्रखंड के बलेठा पंचायत अंतर्गत नारदपुर गांव निवासी मणिलाल कुमार की भी वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई।

# पाकिस्तान अपना रक्षा बजट बढ़ाने की फिराक में, 3000 अरब रुपये का टारगेट, क्या है मंसूबा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अपना वार्षिक बजट पेश करने वाला है। इसमें रक्षा व्यय लगभग 3000 अरब पाकिस्तानी रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के दबाव के कारण इसे मात्र 6.6 प्रतिशत तक सीमित रखा जा रहा है। पिछले साल रक्षा बजट 2550 अरब रुपये के आसपास था। यह बढ़ोत्तरी काफी मायने रखती है। साथ ही, आर्थिक चुनौतियों के बीच सैन्य प्राथमिकताओं को बनाए रखने का संकेत देती है। बजट पेश करने से पहले पाकिस्तान में आर्थिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में गतिरोध देखा गया। नेशनल इकोनॉमिक काउंसिल की बैठक तीसरी बार स्थगित कर दी गई, क्योंकि केंद्र सरकार और प्रांतों के बीच सहमति नहीं बन पाई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विकास बजट और आर्थिक लक्ष्यों को मंजूरी देनी थी, लेकिन खर्च की प्राथमिकताओं, राजस्व बंटवारे और कटौती पर मतभेद बने रहे।

**पाकिस्तान पर आईएमएफ का दबाव भी कर रहा काम-** पाकिस्तान पर खर्च सख्त करने और टैक्स बेस बढ़ाने के लक्ष्यों को पूरा करने का दबाव बना रहा है, जबकि प्रांत अपने हिस्से में कटौती का विरोध कर रहे हैं। सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर रक्षा बजट को सबसे अहम क्षेत्र माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और अफगानिस्तान के साथ जारी तनाव और आंतरिक सुरक्षा जरूरतों के कारण सैन्य मांगें मजबूत हैं। बजट में घोषित धन के अलावा वर्ष के दौरान अतिरिक्त फंड भी मिल सकते हैं। ऐसा करने से विकास कार्यों के फंड पर असर पड़ सकता है। आईएमएफ ने संघीय राजस्व को 13 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 17.14 ट्रिलियन पीकेआर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

# नहीं रहीं थाइलैंड की भावी रानी, 3 साल से कोमा में थीं प्रिंसेज भा, अब कौन संभालेगा राजगद्दी?

थाईलैंड की भावी शासक राजकुमारी, बज्रकितियाभा का निधन हो गया है। शुक्रवार सुबह शाही परिवार ने एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। राजा महा वजिरालॉन्गकॉर्न की सबसे बड़ी बेटी और देश की सबसे लोकप्रिय शाही हस्तियों में से एक, 'प्रिंसेस भा' पिछले साढ़े 3 साल से लाइफ सपोर्ट सिस्टम के सहारे कोमा में थीं। अब उनकी मौत से पूरे देश में शोक की लहर दौ? गई है। पैलेस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, 47 वर्षीय राजकुमारी बज्रकितियाभा ने बैंकॉक के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। इससे पहले शाही परिवार ने बीते दिनों एक बयान जारी कर बताया था कि उनकी हालत बिगड़ती जा रही है। मेडिकल टीम ने बताया था कि उनके पेट और आंतों में इन्फेक्शन फैल गया था और उनके कई अंदरूनी अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद स्थानीय समयानुसार गुरुवार रात उनका निधन हो गया।

**दिसंबर 2022 में हो गई थीं बेहोश-** राजकुमारी बज्रकितियाभा दिसंबर 2022 में बैंकॉक में अपने पालतू कुत्तों को वॉक कराने के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी थीं। डॉक्टरों के मुताबिक, दिल में माइकोप्लाज्मा इन्फेक्शन के कारण अचानक उनकी दिल की धड़कनें पूरी तरह अनियमित हो गई थीं। इससे उनके दिमाग में ऑक्सीजन की कमी हुई और वह कोमा में चली गईं। तब से उन्हें मशीनों के सहारे ही जीवित रखा गया था।

**सबसे योग्य उत्तराधिकारी थीं प्रिंसेज भा-** राजकुमारी को यहां के लोग प्यार से प्रिंसेज भा कहा करते थे। राजा वजिरालॉन्गकॉर्न की पहली पत्नी सोअमसावली से जन्मीं प्रिंसेज भा का जन्म 7 दिसंबर 1978 को हुआ था। वह अपने पिता की सात संतानों में सबसे बड़ी थीं। बचपन से ही वे काफी मेधावी थीं। आगे चलकर वे वह एक बेहद काबिल वकील थीं। उन्होंने अमेरिका की प्रतिष्ठित कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से कानून में एलएलएम और डॉक्टरेट की डिग्रियां हासिल की थीं। इसके बाद उन्हें राजघराने से अहम जिम्मेदारियां भी मिलीं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में थाई मिशन के लिए काम किया। इसके बाद वे 2012 से 2014 तक ऑस्ट्रिया में थाईलैंड की राजदूत रहीं। इसके अलावा प्रिंसेज भा ने थाईलैंड की जेलों में बंद महिला कैदियों की स्थिति सुधारने और ड्रग्स मामलों में मिलने वाली कड़ी सजाओं के खिलाफ कानून में बड़े सुधारों की वकालत भी की थी। 2021 में उनके पिता ने उन्हें अपनी पर्सनल बॉडीगार्ड विंग का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया था और उन्हें जनरल की रैंक दी थी।

**थाईलैंड के सिंहासन का अगला वारिस कौन?-** राजकुमारी बज्रकितियाभा के निधन से थाईलैंड में उत्तराधिकार को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। 73 वर्षीय राजा वजिरालॉन्गकॉर्न ने अभी तक आधिकारिक रूप से अपने उत्तराधिकारी का नाम घोषित नहीं किया है। प्रिंसेस भा के निधन से पहले उन्हें ही सबसे योग्य उम्मीदवार माना जा रहा था। हालांकि सालों पहले थाईलैंड के कानून में महिला उत्तराधिकारी का प्रावधान नहीं था। लेकिन 1974 में संविधान संशोधन के बाद इन नियमों में बदलाव किए गए थे। प्रिंसेज भा की मौत के बाद सबसे अहम दावेदार 21 वर्षीय प्रिंस दिपंगकोर्न हैं। वे राजा की तीसरी पत्नी से पैदा हुए इकलौते बेटे हैं और फिलहाल एकमात्र वैध पुरुष उत्तराधिकारी भी हैं।

हालांकि कम उम्र में इतनी बड़ी जिम्मेदारी संभालने की उनकी क्षमताओं पर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले राजा के अन्य चार बेटे भी थे। हालांकि राजा ने अपनी दूसरी शादी से हुए चार बेटों को 1996 में ही राजघराने से बेदखल कर दिया था। वे अपनी मां के साथ अमेरिका में रहते हैं और उनका शाही हक खत्म हो चुका है।

## वर्ग पहेली 7300

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१ वह पात्र जिसमें शवदाह के बाद मृतक की हड्डियों को रखा जाता है
१. अव्यवस्था,, गोलमाल, घपला
६. पढ़ा-लिखा,साक्षर
७. बुद्धिमान
८. बंदीगृह
१०. सौदे आदि में मध्यस्थता करने वाला
११. प्रज्वलित होना, जोर से जल उठना, क्रुद्ध होना. चौंकना, बिदकना
१३. जीत, फतह
१४. हरगिज
१५. बंधुत्व
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कमल
२१. कामयाबी
२४. सूर्य किरण

**ऊपर से नीचे:-**
१. जिनके पास कुछ न हो, अति निर्धन, वह वस्तु जिसका कोई मूल्य न हो
२. असह्य, अधिक मेहनत वाला काम (उपमा)
३. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
४. बीता हुआ समय
५. उपद्रव, दंगा १ (उर्दू)
९. 'टाईम कीपर
११. हित, कल्याण, अच्छा
१२. भैंस का नर बच्चा
१३. जंगल, वन
१४. दया, अनुकंपा
१५. किस्मतवर
१६. चायलूस
१८. सिर्फ, मात्र
१९. चंद्रमा, चंद्रमा का धब्बा
२०. चिपकने का गुण
२३. करतल ध्वनि

## वर्ग पहेली-7299

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ष्ट्र | २ कु | ल | ■ | ■ | ३ त | ह | ४ नि | शां |
| ज | ■ | कु | ■ | ५ ध | तू | रा | ■ | मों | ■ |
| ६ ह | ड़ | ब | ड़ा | ना | ■ | ७ श | क्ति | ही | ८ न |
| ठ | ■ | खा | ■ | ९ गा | ड़ | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | १० अ | ना | ११ का | र | ■ | ■ | १२ आ | तु | र |
| ■ | द | ■ | ट | ■ | १३ जि | ज्ञा | सा | ■ | ज |
| १४ ब | द | १५ ल | ना | ■ | ल्ल | ■ | १६ र | १७ स | न |
| हा | ■ | घु | ■ | १८ व | त | १९ न | ■ | मू | ■ |
| २० दु | र्दां | त | ■ | र्षां | ■ | २१ मि | थ्या | चा | २२ री |
| र | ■ | २३ म | न | ग | ढ़ं | त | ■ | ■ | ढ़ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

सुरक्षा — अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा का मुख्य जिम्मा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के हवाले

# सुरक्षा उपायों व आतंकवाद विरोधी अभियानों में आई तेजी

**जम्मू, (देशबन्धु)। हर बार की ही तरह इस बार भी अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा का मुख्य जिम्मा केरिपुब के हवाले किया गया है। यही कारण है कि यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि अमरनाथ यात्रा को सकुशल सम्पन्न करवाने जुटे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के लिए अमरनाथ यात्रा किसी भगीरथ प्रयास से कम नहीं है। अतीत में आतंकी धमकियां मिलने के बाद इसकी सुरक्षा का भार उसके कंधों।**

पर ही आता है और अब हर साल उसकी यह जिम्मेदारी बन चुकी है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुब) ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा उपायों और आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर दिया है, जिसका लक्ष्य पवित्र यात्रा पर आने वाले लाखों भक्तों के लिए एक सुरक्षित और घटना-मुक्त तीर्थयात्रा सुनिश्चित करना है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करने का जिम्मा हर बार की तरह इस बार भी पूरी तरह से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कांधों पर है जिसे अमरनाथ यात्रा



■ तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी पवित्र यात्रा

के मोर्चे पर दर्जनों अधिक अतिरिक्त कम्पनियों को तैनात करना पड़ेगा। 'यह कार्य कोई आसान नहीं है। तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक कुल 57 दिनों की इस पवित्र यात्रा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व स्तर तक मजबूत कर दिया है। जम्मू शहर में श्रद्धालुओं के ठहरने के स्थान से लेकर गुफा तक उन्हें पहुंचाने और फिर वापस लौटाने का टास्क कम मेहनत और खतरों से भरा हुआ नहीं है, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी कहते हैं। बकौल उनके 'पहले से ही राज्य में 100 कंपनियां थीं केरिपुब की और 74 के करीब अतिरिक्त कम्पनियों को भी अन्य राज्यों तथा रिजर्व कोटे से तैनात करने की तैयारी चल रही है। बढ़ी हुई सुरक्षा ग्रिड के हिस्से के रूप में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में, पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की ओर जाने वाले पहलगाम और बालटाल अक्षों पर क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास, आतंकवाद विरोधी अभियान, मार्ग स्वच्छता और निगरानी गतिविधियों को तेज कर दिया है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बल संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी रख रहे हैं और तीर्थ यात्रा शुरू होने से पहले किसी भी संभावित खतरे को बेअसर करने के लिए नियमित तलाशी अभियान चला रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उन्नत निगरानी उपकरण, ड्रोन, सीसीटीवी नेटवर्क और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को भी तैनात किया जा रहा है। जम्मू शहर में जहां उनके आधार शिविर और ठहरने के स्थानों को सुरक्षा प्रदान करने का जिम्मा उनका होगा साथ ही प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को लेकर उनके वाहनों को जम्मू से पहलगाम तक पहुंचाने का जिम्मा भी सीआरपीएफ का है। इसके लिए सीआरपीएफ को दो सेक्टरों में बांटा जाएगा। जम्मू से रवाना होने वाले एस्कार्ट वाहन सिर्फ जवाहर टनल तक जाते हैं और वहीं से वापस आने वालों के जत्थों को लेकर लौटते हैं।




# अफगानिस्तान के खिलाफ वन डे सीरीज जिताने को बेताब गिल

## दोनों देशों के बीच हुए चार वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत ने तीन मैच जीते और जबकि एक टाई रहा

■ भारत को रोहित व श्रेयस अय्यर से बड़ी पारी की उम्मीद



भारत बनाम अफगानिस्तान वनडे मैच

नई दिल्ली, 12 जून (देशबन्धु)। शुभमन गिल के हौसले शतक जमा रंग में होने और भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में हाल ही में इकलौता क्रिकेट टेस्ट मैच जिताने से बेशक बुलंद होंगे। शुभमन गिल अब भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शनिवार से शुरू हो रहे तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में जीत के साथ आगाज कर बतौर कप्तान पहली वन डे सीरीज भी जिताने को बेताब होंगे। दोनों देशों के बीच अब तक हुए चार वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत ने तीन मैच जीते और जबकि एक टाई रहा है। भारत की कोशिश बेशक अपना दबदबा बनाने की जरूर होगी लेकिन क्रिकेट के दोनों छोटे फॉर्मेट में अफगानिस्तान खासी मजबूत है। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत इस साल जनवरी में मेहमान न्यूजीलैंड से वड़ोदरा का पहला मैच जीतने के बाद अगले लगातार दो मैच हार कर तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज 1-2 से हार गया था। इस हार को लेकर तब भारत के कप्तान शुभमन गिल और चीफ कोच गौतम गंभीर की खासी आलोचना हुई थी। 2027में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के लिए सही तैयारियों के मद्देनजर भारत के लिए अफगानिस्तान से यह तीन वन डे मैचों की सीरीज जीतनी बेहद जरूरी है। अब केवल वन डे अंतर्राष्ट्रीय खेल रहे रहे दो सबसे अनुभवी सदाबहार विराट कोहली और रोहित शर्मा के अनुभव की भारत को दक्षिण अफ्रीका में 2027 के वन डे विश्व कप में बेशक बहुत जरूरत होगी और वह चाहेगा कि ये दोनों पूरी तरह फिट रहें।

अगले वन डे विश्व कप के शुरू होने तक विराट कोहली भले ही 39 और रोहित शर्मा 40 बरस के हो जाएंगे लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तेज और ऐसी पिचें जहां गेंद बहुत मूव होती है उन पर इन दोनों का अनुभव खासा कारगर रहेगा। ऐसे में 2027 के वन डे विश्व कप के लिए भारत की एकादश में इनकी जगह तय मानी जानी चाहिए इसके लिए बेवजह सवाल उठाने की जरूरत नहीं है।

दोनों टीमें आखिरी बार आईसीसी 2023 वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच जब भिड़ी तो तब अभी टीम में शामिल रोहित शर्मा के शतक और इशान और श्रेयस की बड़ी पारियों से भारत ने अफगानिस्तान पर दिल्ली में एकतरफा मैच आठ विकेट से हराया और तब की टीम के पांच खिलाड़ी भारतीय टीम में हैं।वहीं अफगानिस्तान की टीम में उसके लिए वन डे विश्व कप मे खेलने वाले सात खिलाड़ी मौजूदा टीम में है। विराट कोहली के जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के चलते उपलब्ध नहीं होने पर दिलचस्प यह होगा कि रंग में चल रहे रोहित शर्मा के साथ यशस्वी भारत की पारी का आगाज करते हैं अथवा इशान किशन। भारत के लिए तीसरे नंबर पर उपकप्तान श्रेयस अय्यर, चौथे पर कप्तान शुभमन गिल,पांचवें पर केएल राहुल और फिर ऑलराउंडर वाशिंगटन, नीतिश रेड्डी व हर्ष दुबे, कुलदीप यादव ,अर्शदीप और बाकी तेज गेंदबाजों में कोई एक बल्लेबाजी के लिए उतरेगा।

### इतिहास रचने की दहलीज पर रोहित शर्मा, तोड़ेंगे 37 साल पुराना रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। रोहित शर्मा को वनडे सीरीज में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। रोहित पहले वनडे मुकाबले में मैदान पर उतरने के साथ ही खास उपलब्धि हासिल कर लेंगे। दरअसल, धर्मशाला के मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ अगर रोहित शर्मा पहला वनडे मुकाबला खेलते हैं, तो वह भारत की ओर से एकदिवसीय क्रिकेट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित 37 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करेंगे, जो अभी मोहिंदर अमरनाथ के नाम दर्ज है। मोहिंदर ने 39 साल और 36 दिन की उम्र में अपना आखिरी वनडे मुकाबला खेला था। वहीं, शनिवार (13 जून) को रोहित की उम्र 39 साल और 44 दिन होगी। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें, तो वनडे क्रिकेट के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी नीदरलैंड्स के नोलन क्लार्क रहे हैं, जिन्होंने एकदिवसीय मुकाबला 47 साल और 257 दिन की उम्र में खेला था। रोहित ने आखिरी वनडे सीरीज न्यूजीलैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में खेली थी। तीन मुकाबलों की सीरीज में रोहित का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम के पूर्व कप्तान से फैंस को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। 50 ओवर के फॉर्मेट में रोहित का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ दमदार रहा है।

### भारत न्वन डे टीम

शुभमन गिल (कप्तान),श्रेयस अय्यर(उपकप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन(विकेटकीपर), नीतिश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, हर्ष दुबे।

### अफगानिस्तान वन डे टीम

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सादिकउल्लाह अटल, दरवेश रसूली, रहमत शाह, इकरम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुलल्लाह ओमरजइ, राशिद खान, नंगयाल खरोटी, गजनफर, जिया उर रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल समी, मोहम्मद सलीम।

**शनिवार का वन डे मैच : भारत वि अफगानिस्तान ( धर्मशाला ), दोपहर डेढ़ बजे से।**

## जीत के साथ दक्षिण कोरिया का आगाज

# रोमांचक मुकाबले में चेकिया को 2-1 से हराया



फीफा वर्ल्ड कप

**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियांस)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत साउथ कोरिया ने जीत के साथ की है। रोमांच के भरपूर मुकाबले में टीम ने चेकिया को 2-1 से हराया। साउथ कोरिया ने मैच के दूसरे हाफ में 1-0 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

मैच के आगाज के साथ ही साउथ कोरिया और चेकिया की टीम को शुरुआत में गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन दोनों ही टीमें इस भुनाने में नाकाम रहीं। मैच के 9वें मिनट में साउथ कोरिया के पास मिली फ्री किक से बढ़त बनाने का शानदार मौका था, लेकिन चेकिया के डिफेंस ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। 11वें मिनट में साउथ कोरिया की टीम कॉर्नर का भी फायदा उठाने में नाकाम रही। पहले हाफ में कोरिया ने चेकिया के डिफेंस पर दबाव तो खूब डाला, लेकिन उनके डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। चेकिया कोपहले हाफ में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत से ही चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया और टीम को मैच के 59वें मिनट में सफलता हाथ लगी। लाडिसलाव क्रेजकी ने बेहतरीन हेडर के जरिए शानदार गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, 0-1 से पिछड़ने के बाद साउथ कोरिया ने मैच में शानदार वापसी की। 67वें मिनट में हांग इन बियोम ने टीम की ओर से पहला गोल दागा और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ओह हियोन ग्यू ने साउथ कोरिया को मुकाबले में लीड दिला दी। मैच में 2-1 की बढ़त बनाने के बाद साउथ कोरिया ने चेकिया को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाते हुए गोल करने का कई बार प्रयास किया, लेकिन साउथ कोरिया के डिफेंस को नहीं भेद सका।

### कोच ब्रूज ने उठाए रेफरी के फैसले पर सवाल

नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत साउथ अफ्रीका के लिए अच्छी नहीं हुई है। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को मेक्सिको के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद साउथ अफ्रीका टीम के मुख्य कोच ह्यूगो ब्रूज ने मैच के दौरान रेफरी के फैसले पर सवाल खड़े किए। मेक्सिको के खिलाफ साउथ अफ्रीका का डिफेंस काफी कमजोर नजर आया। मैच के दौरान साउथ अफ्रीका को 9 खिलाड़ियों के साथ खेलने पर मजबूर होना पड़ा। साउथ अफ्रीका टीम के खिलाड़ी स्फेफेलो सिथोले और थेम्बा जवाने को रेड कार्ड थमाया गया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्रूज ने कहा कि पहले रेड कार्ड को लेकर उन्हें कोई शिकायत नहीं है, लेकिन दूसरे रेड कार्ड का फैसला उन्हें सही नहीं लगा। उनका मानना है ।

# अर्जेंटीना ने फीफा पुरुष विश्व रैंकिंग में फिर से टॉप पर जगह बनाई

ज्यूरिख (स्विट्ज़रलैंड), 12 जून (एजेंसियां)। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना (पहला, 2 पॉइंट ऊपर) दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम के तौर पर अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत करेगा। जून फीफा/कोका-कोला पुरुष वर्ल्ड रैंकिंग अब तक के सबसे बड़े फीफा वर्ल्ड कप के खत्म होने से कुछ घंटे पहले जारी की जाएगी।

फीफा अ कप से पहले कई फ्रेंडली मैचों के बाद, जिसमें दूसरा पीरियड था जब फीफा/कोका-कोला मेन्स वर्ल्ड रैंकिंग को इंटरनेशनल मैचों के दौरान रियल टाइम में अपडेट किया गया था, अर्जेंटीना आइसलैंड और होंडुरास के खिलाफ अपने दोनों वार्म-अप मैचों में जीत के बाद टॉप पर वापस आ गया। वे फ्रांस (तीसरे, 2 पॉइंट नीचे) की जगह लेंगे, जो कोटे डी आइवर से हारने के बाद पीछे हो गया था, फिर नॉर्दर्न आयरलैंड को हराया, और स्पेन (दूसरे, बिना किसी बदलाव के), जिसे इराक ने ड्रॉ पर रोका और फिर पेरू को हराया। टॉप टेन में और नीचे, मोरक्को (सातवें, 1 ऊपर) अपनी बढ़त जारी रखते हुए, अगस्त 1993 में फीफा/कोका-कोला मेन्स वर्ल्ड रैंकिंग शुरू होने के बाद से अपनी अब तक की सबसे ऊंची जगह पर पहुंच गया है। ऐसा करके, वे नीदरलैंड्स (आठवें , 1 नीचे) से आगे निकल गए, जबकि टॉप 20 में कहीं और, मेक्सिको (14वें, 1 ऊपर) और उरुग्वे (16वें, 1 ऊपर) सेनेगल (15वें, 1 नीचे) और अमेरिका (17वें, 1 नीचे) से ऊपर चले गए, जबकि ईरान (20वें) टॉप 100 में शामिल हो गया। हंगरी (39वें, 3 ऊपर), चिली (51वें, 3 ऊपर) और चीन (91वें, 3 ऊपर) टॉप 100 में सबसे बड़े चढ़ने वाले हैं, जबकि सर्बिया (41वें, 4 नीचे), माली (55वें, 3 नीचे) और बेनिन (93वें, 3 नीचे) में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की



गई है। टॉप 100 के बाहर, लेबनान (115वें, 7 नीचे) और भूटान (192वें, 6 नीचे) की रैंकिंग में सबसे ज़्यादा गिरावट आई है। कॉम्पिटिशन रेगुलेशन के मुताबिक, फीफा/कोका-कोला मेन्स वर्ल्ड रैंकिंग भी टाईब्रेकर का काम करेगी, ताकि ग्रुप स्टेज के आखिर में दो या उससे ज़्यादा टीमों के ग्रुप में रैंकिंग पक्की हो सके और यह तय हो सके कि स्टेप 1 और 2 में कई बार थर्ड-रैंक 32 क्राइटेरिया को पूरा करने के बाद भी टाई हुई टीम तक पहुंचने के लिए कौन सी आठ टीमें सबसे अच्छी थर्ड-प्लेस्ड टीमें हैं।

## सार संक्षेप

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स रोमांचक जीत के साथ सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने शानदार जुझारूपन का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली वंडर्स क्लब को 2 विकेट से हराकर प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। नॉकआउट चरण का यह मुकाबला अंत तक रोमांच से भरपूर रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली वंडर्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर 263 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रियांशु पांडेय ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 62 गेंदों में 136 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 11 छक्के शामिल रहे। गगन वत्स ने 59 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि हर्ष त्यागी ने 33 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.5 ओवरों में 8 विकेट खोकर 266 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### कोलाज स्पोर्ट्स क्लब सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए रवि ब्रदर्स को 102 रन से पराजित कर प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 214 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कप्तान समर्थ सेठ ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 49 गेंदों में 72 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। वहीं स्वास्तिक चिकारा ने शानदार 48 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम के स्कोर को मजबूती दी। रवि ब्रदर्स की ओर से जयंत खोरवाल सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 40 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इसके अलावा मयंक गुसाईं, लक्ष्मण, देव कश्यप और विवान जिंदल ने एक-एक विकेट लिया। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रवि ब्रदर्स की टीम कोलाज स्पोर्ट्स क्लब की अनुशासित गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 15.5 ओवर में 112 रन पर ऑल आउट हो गई। शौर्य वीर सिंह ने सर्वाधिक 28 रन, विकेटकीपर विशाल ने 25 रन तथा सुपर सब्स्टीट्यूट आयुष दोसेजा ने 22 रन का योगदान दिया, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी।

### पहले के मुकाबले अब क्रिकेट में काफी बदलाव : स्टेन

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि टी20 फॉर्मेट में आप सफल होने से ज्यादा फेल होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले अब क्रिकेट काफी बदल चुका है। स्टेन के अनुसार, अब बल्लेबाज को पहले के मुकाबले खराब शॉट खेलकर आउट होने पर खरी-खोटी नहीं सुननी पड़ती है। स्टेन ने एजेंसी के साथ बातचीत करते हुए पहले और अब के समय में क्रिकेट में आए बदलाव को लेकर बात की। विराट कोहली का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके दौर में बल्लेबाज या गेंदबाज हर साल अपने खेल को बेहतर करने का प्रयास करते थे। हालांकि, अब टी20 क्रिकेट के लगातार विकसित होने के बाद खिलाड़ी, टीम मैनेजमेंट या कोच इस बात को समझते हैं कि इस फॉर्मेट में खिलाड़ी सफल होने से ज्यादा फेल होता है। स्टेन ने कहा कि टी20 क्रिकेट में कुछ सीजन आपके लिए अच्छे नहीं रहेंगे, लेकिन कुछ सीजन ऐसे आएंगे जब आप बहुत बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

# विश्व कप में बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी होगी: अंजुम



**नई दिल्ली,** 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने कहा है कि टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को ज्यादा अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि टीम की गेंदबाजी मजबूत होने की प्रक्रिया में है, ऐसे में टूर्नामेंट में बल्लेबाजों की भूमिका अहम होगी। अंजुम चोपड़ा ने एजेंसी से खास बातचीत में कहा कि मेरे हिसाब से, इस भारतीय टीम का नेतृत्व बल्लेबाजी करती है। बल्लेबाजों के लड़खड़ाने की कोई गुंजाइश नहीं है। हम टीम में पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज खिला रहे हैं। पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज होने की स्थिति में असफल होने की कोई गुंजाइश नहीं है।' इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न टी20 सीरीज में यास्तिका भाटिया ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। यास्तिका ने सीरीज में सर्वाधिक 119 रन बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट (126.79) टॉप पांच स्कोरर में सबसे कम था। इस पर चोपड़ा ने कहा, 'मैं समझती हूं कि भारतीय टीम के पास तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए ज्यादा विकल्प नहीं है। अगर जेमिमा या हरमन वहां बल्लेबाजी कर रही हैं, तो मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी के लिए विकल्प कम हैं। भारती फुलमाली को मौका दिया गया होता।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पीवी सिंधु करेंगी भारतीय टीम की अगुवाई



क्वालिफिकेशन सूची में सिंधु सहित 10 खिलाड़ियों को मिली जगह

नई दिल्ली 11 जून (एजेंसियां)। अगस्त में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 में स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु 10 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। नई दिल्ली में 17 से 23 अगस्त तक होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए ग्लोबल फेडरेशन ने क्वालिफिकेशन सूची में पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु सहित 10 खिलाड़ियों को जगह मिली है। भारत की ओर से पांच स्पर्धाओं में कुल 10 लोगों को जगह मिली हैं, जिनमें पुरुष डबल्स की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी देश के सबसे ऊंची रैंकिंग वाले दावेदार के तौर पर शामिल हैं। पीवी सिंधु ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) के क्वालिफिकेशन नियमों के तहत मेजबान देश की प्रतिनिधि के तौर पर महिला एकल ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की। 28 अप्रैल की वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग पर आधारित इस क्वालिफिकेशन सूची में पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ी और हर युगल स्पर्धाओं में 48-48 जोड़ियां शामिल हैं। वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में हर कैटेगरी में भारत के दो खिलाड़ी सीधे एंट्री करेंगे। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी ने क्वालिफाई किया है, जबकि महिला सिंगल्स में सिंधु के साथ उभरती हुई खिलाड़ी उन्नति हुड्डा शामिल हैं। भारत की सबसे अच्छी रैंकिंग वाली एंट्री पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की है, जिन्होंने कुल मिलाकर चौथी रैंकिंग के साथ क्वालिफाई किया। हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन ने भारत के लिए पुरुष डबल्स में दूसरी जगह पक्की की।

# देश के लिए खेलने एक सपना था : यशवर्द्धन



**ग्वालियर,** 12 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान यशवर्द्धन सिंह चौहान के हाथों में सौंपी गई है। यशवर्द्धन का कहना है कि देश के लिए खेलना उनका सपना था और यह सपना सच होने पर उन्हें बेहद खुशी है। यशवर्धन ने 'आईएएनएस' के साथ बातचीत करते हुए कहा कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच को देना चाहेंगे। यशवर्धन ने बताया कि वह 6-7 साल की उम्र में से ही क्रिकेट की कोचिंग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि कोच लवकेश चौधरी की देखरेख में उन्होंने अपने क्रिकेट को निखारा। यशवर्धन के अनुसार, राज्य और एनसीए में अच्छा प्रदर्शन करने की वजह से उनका सिलेक्शन भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर हुआ है। यशवर्धन ने कहा कि वह आज इस मुकाम तक अपने माता-पिता और कोच के सपोर्ट के कारण पहुंच सके हैं।

# जसपाल राणा का निधन : कोच और खिलाड़ी के तौर पर बेमिसाल रहा कॅरियर

■ जर्मनी से लौटने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी

■ 1988 में नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जसपाल ने सिल्वर मेडल जीता



नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। भारतीय निशानेबाजी के दिग्गज और प्रतिष्ठित कोच जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित प्रतियोगिता से लौटने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खिलाड़ी और कोच, दोनों भूमिकाओं में उन्होंने भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 28 जून 1976 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जन्मे जसपाल राणा को बचपन से ही निशानेबाजी में रुचि थी। जसपाल के पिता सेना के खुद पूर्व अधिकारी थे। ऐसे में पिता नारायण राणा ही उनके पहले कोच बने। 12 साल की उम्र में नेशनल लेवल पर जसपाल ने अपनी काबिलियत का परिचय दिया। 1988 में नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में जसपाल ने सिल्वर मेडल जीता। इसके बाद 1994 में जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में भी उनका प्रदर्शन दमदार रहा और इटली में हुई इस चैंपियनशिप ने उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया। जसपाल राणा ने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

# विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



नई दिल्ली, 12 जून (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को तत्काल प्रभाव से अलविदा कह दिया है। केन विलियमसन के नाम न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने का रिकॉर्ड है। संन्यास के साथ ही विलियमसन के 16 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। विलियमसन ने अपना आखिरी टेस्ट लॉर्ड्स में खेला जिसमें न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक बयान में विलियमसन ने कहा, 'मैंने इस बारे में कुछ समय से सोचा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में यह साफ हो गया है कि अब सही समय है। मैंने हमेशा इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए एक मजबूत इच्छा और भूख महसूस की है। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने न्यूजीलैंड के लिए खेले गए हर मैच में अपना सब कुछ दिया है। इससे कम कुछ भी जारी रखना सही नहीं होगा और मैं अपनी शर्तों पर पीछे हटने के लिए खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं।

# अर्थ जगत

## विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पांच जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं।



# नेस्ले, केएफसी और फ्लिपकार्ट को एफएसएसएआई का नोटिस

## मैगी में कीड़े और रेस्टोरेंट में गंदगी मिलने पर मचा बवाल

*__नई दिल्ली।__ देश में खाद्य पदार्थों की शुद्धता और स्वच्छता को लेकर स्नस्स्ड्ढ ने सख्त रुख अपनाया है। सोशल मीडिया पर उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज कराई गई गंभीर शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एफएसएसएआई ने नेस्ले इंडिया, केएफसी और ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन ब्रांड्स पर पैक्ड फूड में कीड़े मिलने और आउटलेट्स में अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काम करने के गंभीर आरोप लगे हैं।*




**मैगी नूडल्स में कीड़े और लार्वा मिलने की शिकायत** -एफएसएसएआई ने नेस्ले इंडिया को उसके सबसे लोकप्रिय प्रोडक्ट मैगी के एक पैकेट में कीड़े और जिंदा लार्वा मिलने की ऑनलाइन शिकायत पर नोटिस थमाया है। नियामक ने कंपनी से प्रभावित बैच की पूरी जांच रिपोर्ट, इंटरनल क्वालिटी लॉग्स और सप्लाई चेन से उस स्टॉक को हटाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी मांगी है। इस विवाद के बाद शेयर बाजार में नेस्ले इंडिया के शेयरों में 3 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

**केएफसी आउटलेट में स्वच्छता नियमों की धज्जियां**-दूसरा मामला आंध्र प्रदेश के एमवीआर मॉल स्थित एक केएफसी आउटलेट का है। इस रेस्टोरेंट पर बेहद गंदे माहौल में खाना पकाने, कचरा प्रबंधन की कमी और पेस्ट कंट्रोल की सही व्यवस्था न होने का आरोप है। एफएसएसएआई ने केवासी के ऑपरेटर देवयानी इंटरनेशनल से कर्मचारियों की हाइजीन और साफ-सफाई पर सबूतों के साथ जवाब मांगा है। हालांकि कंपनी ने कहा है कि वे इस मामले की आंतरिक जांच कर रहे हैं।

### फ्लिपकार्ट मिनट्स पर डिलीवर हुए कीड़े वाले खजूर

फ्लिपकार्ट और फूड ब्रांड ओपन सीक्रेट भी एफएसएसएआई के रडार पर आ गए हैं। दरअसल क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट मिनट्स के जरिए डिलीवर किए गए ओपन सीक्रेट ब्रांड के खजूर में कीड़े पाए गए थे। बता दें कि नियामक ने दोनों कंपनियों से उनके इंटरनल क्वालिटी कंट्रोल रिकॉर्ड और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए गए सुरक्षा उपायों पर जवाब तलब किया है।

# बाजार में बहार, सेंसेक्स 1696 अंक उछला

*__मुबई।__ शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में लंबे समय के बाद बंपर तेजी देखने को मिली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में बाजार लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त लेकर बंद हुए। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 1695.40 अंकों (2.30 प्रतिशत) की बंपर बढ़त के साथ 75,527.95 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी-50 इंडेक्स 461.30 अंकों (1.99 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 23,622.90 अंकों पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की उम्मीदें बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट ने बाजार को रफ्तार दी।*



## निवेशकों ने कमाए 10 लाख करोड़

**1 प्रतिशत से ज्यादा तेजी के साथ खुला था बाजार**- शुक्रवार को बाजार के प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 ने 1 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी के साथ कारोबार शुरू किया था। बीएसई सेंसेक्स 876.72 अंकों (1.19 प्रतिशत) की जोरदार तेजी के साथ 74,709.27 अंकों के लेवल पर खुला। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स ने भी आज 250.95 अंक (1.08 प्रतिशत) चढ़कर 23,412.55 अंकों पर कारोबार शुरू किया था।

**बजाज फाइनेंस के शेयर में छप्परफाड़ तेजी**- शुक्रवार को सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 2 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की भी 50 में से 39 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 11 कंपनी के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 5.62 प्रतिशत की छप्परफाड़ बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# ईरान डील की उम्मीद से सोने-चांदी में उछाल



**नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान के बीच डील होने की उम्मीद में सोने-चांदी के वायदा भाव में अब तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,50,300 रुपए, जबकि चांदी के भाव 2,43,450 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 1,663 रुपए की तेजी के साथ 1,50,595 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,48,932 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,386 रुपए की तेजी के साथ 1,50,318 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 3,123 रुपए की तेजी के साथ 2,42,776 रुपए पर खुला। पिछला बंद भाव 2,39,653 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 3,826 रुपए की तेजी के साथ 2,43,479 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है।

## ट्रम्प प्रशासन को बड़ी राहत

# अमेरिकी अदालत ने 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ वसूली जारी रखने की दी अनुमति

*__नई दिल्ली।__ अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के बीच ट्रम्प प्रशासन को बड़ी राहत मिली है। वॉशिंगटन स्थित संघीय अपील अदालत ने फैसला दिया है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक अमेरिकी सरकार दुनिया भर से आने वाले सामान पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ की वसूली जारी रख सकती है। अदालत के इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे सरकार को फिलहाल अपनी व्यापार नीति लागू रखने का रास्ता मिल गया है।*

**निचली अदालत ने बताया था अवैध**-पिछले महीने न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत ने छोटे कारोबारियों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए इन टैरिफ को अवैध करार दिया था। अदालत की बहुमत पीठ ने माना था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों की सीमा से आगे बढ़कर यह कदम उठाया है। अदालत ने कहा था कि टैरिफ लगाने का यह फैसला कानून द्वारा अधिकृत नहीं था।

**अपील अदालत ने क्यों दी राहत?**-अपील अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ट्रम्प प्रशासन की दलीलें पहली नजर में मजबूत दिखाई देती हैं और सरकार का पक्ष अंतिम सुनवाई में सफल हो सकता है। इसी आधार पर अदालत ने अंतिम निर्णय आने तक टैरिफ वसूली जारी रखने की अनुमति दे दी।



**क्या है पूरा मामला?**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस साल फरवरी में दुनिया के अधिकांश देशों से आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाया था। यह फैसला 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत लिया गया था। यह प्रावधान राष्ट्रपति को सीमित अवधि के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत तक वैश्विक आयात शुल्क लगाने की अनुमति देता है। हालांकि इसकी अवधि 150 दिनों तक ही सीमित होती है, जिसके बाद इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होती है।

**व्यापार घाटे को लेकर बहस**-इस मामले का एक बड़ा पहलू यह भी है कि क्या अमेरिका का व्यापार घाटा अंतर्राष्ट्रीय भुगतान संबंधी गंभीर समस्या की श्रेणी में आता है या नहीं। ट्रम्प प्रशासन का दावा है कि बढ़ता व्यापार घाटा अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है, जबकि विरोधी पक्ष इस व्याख्या से सहमत नहीं है।

# 1 जुलाई से महंगी होगी टाटा मोटर्स की गाड़ियां

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की सभी पैसेंजर कारें 1 जुलाई से महंगी होने जा रही हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएएमपीवी) ने शुक्रवार को अपनी पैसेंजर कार की कीमतों में 1.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि ये बढ़ोत्तरी इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) दोनों की कीमतों में होगी। टीएमपीवी ने शुक्रवार को एक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 95.11 |
| एक यूरो | 110.59 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 126.81 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 67. 52 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-146700 चांदी-243000

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-146700 चांदी-243000

## दाल- चावल भाव

### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 9500-11000, मीडियम बोल्ड 11500-12000, फाइन 12500-13000, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 6800-7200 चना दाल मार्का 7200-7400, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 9000-9500, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-10000, मूंगदाल धुली 9000- 9500, फाइन 10000-10500। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3500, बीपीटी चालू 3800-4000,फाइन 4000-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5000-5500, जेजेएल चालू 5500-5800, फाइन 6100-6200, बासमती कनकी चालू 3000-3300, बासमती कनकी मीडियम 3500-3800, बेस्ट 3800-4000, मोगरा- 4500-4800, दुबार- 4800-5200, तिबार- 5800-6500, बासमती 9000-10000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4400-4600, फाइन 5000-5200, मुरमुरा- 6000-7000, फाइन- 8000-8500 रु.।

## लोहा भाव

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5600, 8 एम एम 5380, 10 एम एम 52 60,12 एम एम, 5200 एवं 16 एम 52 00 रु.। तार- 72 रु. किलो।

# बैंक ऑफ़ इंडिया जबलपुर अंचल में शाखा प्रमुखों के साथ व्यवसाय संवर्धन बैठक 2026 का आयोजन

*__जबलपुर।__ बैंक ऑफ़ इंडिया जबलपुर में फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव एफ़जीएमओ-भोपाल की अध्यक्षता में एवं रमेश कुमार आँचलिक प्रबंधक-जबलपुर अंचल की अगुआई में अंचल के समस्त शाखा प्रमुखों के साथ व्यवसाय संवर्धन बैठक 2026 का आयोजन किया गया ।*

इस बैठक में सभी 52 शाखाओं के शाखा प्रमुखों से पिछले वित्तीय वर्ष में उनकी शाखाओं में हुए व्यवसाय की समीक्षा की गई एवं वर्तमान वित्तीय में अपेक्षित व्यवसाय वृद्धि हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए । फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव ने प्रत्येक शाखा प्रमुखों से विभिन्न व्यवसायिक मदों में उनकी शाखा की प्रगति की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बैठक में सभी विभागों एवं प्रोसेसिंग सेंटर्स के प्रमुखों ने भी भाग लिया एवं शाखाओं की व्यवसायिक वृद्धि में आवश्यक सहयोग हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की ।

उप-आँचलिक प्रबंधक संतोष सहाय ने शाखाओं को ग्राहक सेवा में उत्तरोत्तर वृद्धि करने की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही सभी आगंतुकों को इस बैठक में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।




# कच्चा तेल सस्ता होने से निवेशकों की बढ़ी उम्मीदें

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतों में ताजा गिरावट के बाद पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में 4.50 प्रतिशत तक की उछाल देखने को मिली। शुक्रवार को हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम के शेयर 4.5 प्रतिशत तक चढ़ गए। ताजा गिरावट के बाद कच्चे तेल की कीमतें 2 महीने के निचले स्तर पर आ गईं। अमेरिका और ईरान में संभावित शांति समझौते की उम्मीदें बढ़ने से कच्चे तेल के दाम गिर गए हैं।

**भारत पेट्रोलियम के शेयर में 4.5 प्रतिशत तक की तेजी**- बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के शेयर 3.5 प्रतिशत की तेजी के साथ दिन के उच्चतम स्तर 379 रुपए पर पहुंच गए, जबकि इंडियन ऑयल के शेयरों में 3 प्रतिशत की तेजी आई और वे 138 रुपए प्रति शेयर के दाम पर पहुंच गए। भारत पेट्रोलियम के शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल आया और 4.5 प्रतिशत की बंपर तेजी के साथ 295 रुपए पर पहुंच गए।

**अमेरिका और ईरान के बीच इस वीकेंड तक हो सकता है समझौता**- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ इस वीकेंड तक समझौता हो सकता है। एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत ईरानी नेतृत्व के उच्चतम स्तर तक पहुंचने और मंजूरी मिलने के बाद उन्होंने हमले रोक दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित समझौते के मुख्य बिंदुओं को अमेरिका, इजराइल, सऊदी अरब, यूएई, कतर, तुर्की, पाकिस्तान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और मिस्र समेत कई पक्षों ने सिद्धांत और विस्तार से मंजूरी दे दी है।

# दुनिया के पहले खरबपति बनने वाले हैं एलन मस्क, ताइवान की जीडीपी से ज्यादा हुई नेटवर्थ!

*__नई दिल्ली।__ दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलॉन मस्क इतिहास रचने से महज चंद कदम दूर हैं। जी हां, वे दुनिया के पहले खरबपति बनने वाले हैं और ये कमाल उनकी कंपनी स्पेसएक्स करने वाली है, जो दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ लाकर लिस्टिंग के लिए तैयार है। मस्क की नेटवर्थ में अचानक 274 अरब डॉलर का उछाल आ गया है। इसके साथ ही उनकी कुल संपत्ति लगभग ताइवान की जीडीपी से ज्यादा हो गई है।*

**दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च** - एलॉन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने अमेरिकी बाजार में अब तक का सबसे बड़ा इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ के प्राइस बैंड की बात करें तो ये 135 डॉलर प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ लॉन्च के जरिए स्पेसएक्स कंपनी की मार्केट वैल्यूएशन 1.77 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर होगी। इसका सीधा असर एलन मस्क की संपत्ति पर पड़ा है। कंपनी के दस्तावेजों और फोर्ब्स के अनुमानों के आधार पर एक कैलकुलेशन के आधार पर अनुमान जाहिर किया है कि स्पेसएक्स के शेयरों में कारोबार शुरू होने पर मस्क की कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है, यानी वे दुनिया के पहले ट्रिलेनियर यानी खरबपति बन जाएंगे।



**अभी कहां पहुंची मस्क की संपत्ति?**- स्पेसएक्स आईपीओ लॉन्च ने ही एलॉन मस्क को एक बड़े मुकाम पर पहुंचा दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब मस्क की नेटवर्थ 971 अरब डॉलर हो गई है, जबकि फोर्ब्स के रियल टाइम बिलेनियर्स इंडेक्स के अपडेटेड आंकड़े देखें, तो ये बढ़कर 982 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस आंकड़े के साथ एलॉन मस्क टॉप-10 अरबपतियों की सूची में उनके बाद दूसरे पायदान पर मौजूद गूगल अल्फाबेट के को-फाउंडर लैरी पेज से तीन गुना से भी ज्यादा अमीर हो गए हैं। लैरी पेज का नेटवर्थ 304 अरब डॉलर है। - एलॉन मस्क की संपत्ति का ये आंकड़ा ताइवान की जीडीपी से भी आगे निकल गया है, जो करीब 976 अरब डॉलर है। न सिर्फ ताइवान, बल्कि एलॉन मस्क की नेटवर्थ में आए उछाल के बाद उनकी संपत्ति अब कई देशों के वार्षिक आर्थिक उत्पादन से भी अधिक है। उनकी संपत्ति भारत के सकल घरेलू उत्पाद के लगभग एक-चौथाई के बराबर है, जो आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर है।

**इस साल संपत्ति में तगड़ा उछाल**- एलॉन मस्क की संपत्ति में इस साल 2026 में अब तक 351 अरब डॉलर का उछाल आ चुका है, जो कि दुनिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान लैरी पेज की कुल नेटवर्थ से भी ज्यादा है। बहस चाहे जो भी हो, आंकड़े खुद ही सब कुछ बयां करते हैं कि आधुनिक इतिहास में किसी भी व्यक्ति ने इतनी बड़ी संपत्ति जमा नहीं की है।

**इन दिग्गज कंपनियों की कमान**- 1971 में दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में एक कनाडाई मां और दक्षिण अफ्रीकी मूल के पिता के घर जन्मे एलॉन मस्क ने पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की, 1997 में वे ग्रेजुएट हुए थे। अगले तीन दशकों में, उन्होंने कंपनियों का एक ऐसा नेटवर्क बनाया, जिसने उन्हें दुनिया की सबसे शक्तिशाली कॉर्पोरेट हस्तियों में एक बना दिया। एलॉन मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स के जरिए विश्व प्रसिद्ध हुए। 2008 में सीईओ के रूप में टेस्ला में शामिल होने के बाद, उन्होंने इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक को नया आयाम दिया। सिर्फ टेस्ला और स्पेसएक्स ही नहीं, बल्कि मस्क ने कई अन्य कंपनियों की सह-स्थापना भी की है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जीसीएफ की एल-70 गन अपग्रेड होकर बनेगी एयर डिफेंस सिस्टम गन

## ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद सेना में बढ़ी मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी तोप गाड़ी फैक्ट्री जीसीएफ में एक बार फिर एल-70 गन अपग्रेड होने जा रही है। अब यह एयर डिफेंस गन के रूप में विकसित की जा रही है। जीसीएफ फैक्ट्री में पिछले चार से एल-70 गन का उत्पादन बंद है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में इसकी उपयोगिता और शानदार प्रदर्शन के बाद सेना में इसकी मांग बढ़ गई है। जिसके लिये सैन्य अधिकारियों ने इसे अपग्रेड करने को कहा है। आधुनिक युद्ध की बदलती चुनौतियों और ड्रोन हमलों के बढ़ते खतरे को देखते हुए जीसीएफ अब अत्याधुनिक एयर डिफेंस गन विकसित करने की तैयारी में जुटी है। यह नई गन दुश्मन के ड्रोन, हवाई लक्ष्यों और अन्य संभावित खतरों को प्रभावी ढंग से नष्ट करने में सक्षम होगी।

जानकारी के अनुसार गन कैरिज फैक्ट्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा ड्रोन और हवाई खतरों से निपटने के लिए अपनाई गई रणनीतियों तथा आधुनिक युद्ध की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को गति दी है। जीसीएफ की तकनीकी टीम वर्तमान में एयर डिफेंस गन की डिजाइन को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। डिजाइन पूरी होने के



बाद इसके दो प्रोटोटाइप तैयार किए जाने की संभावना है, जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा जाएगा।

गन कैरिज फैक्ट्री पहले भी सेना को कई महत्वपूर्ण हथियार उपलब्ध करा चुकी है। जीसीएफ निर्मित एल-70 गन भारतीय सेना की विश्वसनीय एयर डिफेंस प्रणालियों में शामिल रही है। इस गन ने 1990 के दशक में अपनी विशेष पहचान बनाई थी और हाल के वर्षों में भी इसकी उपयोगिता साबित हुई है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एल-70 गन का सफल उपयोग किया गया था, जिसके बाद अधिक उन्नत और आधुनिक एयर डिफेंस प्रणाली विकसित करने की दिशा में प्रयास तेज कर दिए गए।

जीसीएफ के महाप्रबंधक राहुल चौधरी ने बताया कि एयर डिफेंस गन को लेकर संस्थान काफी आशावान है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और डिजाइन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। प्रोटोटाइप तैयार होने के बाद परीक्षण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उनका मानना है कि यह गन देश की तीनों सेनाओं—थल सेना, वायु सेना और नौसेना के लिए उपयोगी साबित होगी और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रक्षा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि आने वाले समय में युद्ध का स्वरूप और अधिक तकनीक आधारित होगा, जिसमें ड्रोन, मिसाइल और स्वचालित हथियारों की भूमिका बढ़ेगी। ऐसे परिदृश्य में जबलपुर की गन कैरिज फैक्ट्री द्वारा विकसित की जा रही एयर डिफेंस गन भारत की रक्षा तैयारियों को नई मजबूती प्रदान कर सकती है।

### मप्र सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन में मचा हड़कम्प..

# चंद हजार रुपये बचाने के फेर में शासन को करोड़ों की चपत!

**जबलपुर, देशबन्धु।** टीकमगढ़ के अमानक चावल मामले में अब एक और गंभीर पहलू सामने आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित राइस मिलरों से मिलिंग चार्ज, बारदाने की राशि तथा एफडी (सुरक्षा निधि) की समुचित वसूली और राजसात की कार्रवाई समय पर की जाती, तो शासन को करोड़ों रुपये के नुकसान से बचाया जा सकता था। लेकिन आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने नियमों का पालन कराने के बजाय मामले को लंबे समय तक लटकाए रखा। इधर लगातार देशबन्धु अखबार में प्रकाशित खबर के बाद अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

जानकारों का कहना है कि मिलिंग अनुबंध की शर्तों के अनुसार निर्धारित समय सीमा में चावल जमा नहीं करने या गुणवत्ता संबंधी शर्तों का उल्लंघन करने पर मिलरों से वसूली और उनकी एफडी राजसात करने का स्पष्ट प्रावधान है। इसके बावजूद संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि जहां शासन को लाखों रुपये की वसूली हो सकती थी, वहीं लापरवाही और कथित मिलीभगत के कारण मामला करोड़ों रुपये के नुकसान तक पहुंच गया। हैरानी की बात यह है कि जिन मामलों में तत्काल



टीकमगढ़ : अमानक धान से बना चावल कैसे हुआ पास, किसने दी हरी झंडी?

मप्र सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन में फर्जीवाड़े पर जिला प्रबंधक दे रहे गोल-मोल जवाब

वित्तीय दंड और वसूली की कार्रवाई होनी चाहिए थी, वहां वर्षों तक फाइलें घूमती रहीं। इस दौरान न केवल अमानक चावल का विवाद बढ़ता गया, बल्कि भंडारण, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं पर भी सरकारी खजाने से अतिरिक्त खर्च होता रहा। प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि यदि समय रहते मिलिंग चार्ज, बारदाने की राशि और एफडी राजसात करने की कार्रवाई की जाती, तो कई मिल संचालकों पर आर्थिक दबाव बनता और शासन के हित सुरक्षित रहते। लेकिन कुछ हजार या लाख रुपये की तत्काल वसूली से बचने की कोशिश ने अंततः करोड़ों रुपये के नुकसान का रास्ता खोल दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारियों ने नियमों के अनुसार कार्रवाई क्यों नहीं की?

### बिजली गिरने से नहीं थमेगी ट्रेनों की रफ्तार

# रेलवे लागू करेगा डिस्कनेक्टर असेंबली सिस्टम

**बलपुर, देशबन्धु।** मानसून के दौरान आसमान से गिरने वाली बिजली अब रफ्तार से दौड़ने वाली ट्रेनों को प्रभावित नहीं कर सकेगी। दरअसल, बिजली गिरने से ओएचई लाइन ट्रिप हो जाती थी, जिससे जहां-तहां ट्रेनें खड़ी हो जाती थीं। इसके लिए रेलवे ने फैसला लिया है कि डिस्कनेक्टर असेंबली सिस्टम लागू करेगा, जिससे रेलवे यातायात प्रभावित नहीं होगा। मौजूदा हालात में इस सिस्टम को उत्तर-मध्य रेलवे समेत सभी जोनल रेलवे लागू करने जा रहे हैं।

रेलवे के तकनीक विशेषज्ञों का कहना है कि यह आधुनिक सिस्टम बिजली गिरने पर खराब हुए लाइटनिंग अरेस्टर उपकरण को पलक झपकते ही मुख्य चालू लाइन से अलग कर देगा। इससे पूरी बिजली लाइन ट्रिप नहीं होगी



और न ही सब. स्टेशनों को कोई नुकसान पहुंचेगा। इससे ट्रेनों का परिचालन निर्बाध रूप से जारी रहेगा।

रेलवे अब उपकरणों की तकनीकी खराबी को पकड़ने के लिए पहली बार अत्याधुनिक थर्मोविजन कैमरा तकनीक को अनिवार्य करने जा रहा है। इस थर्मल इमेजिंग कैमरे के जरिये बिजली सब-स्टेशनों की नियमित जांच की जाएगी ताकि कोई भी उपकरण पूरी तरह खराब होने या जलने से पहले ही चिह्नित कर बदला जा सके।

# 12वीं द्वितीय परीक्षा परिणाम घोषित: 59.57 फीसदी विद्यार्थी सफल

## छात्राओं ने फिर दिखवाया बेहतर प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शुक्रवार को 12वीं द्वितीय परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी जो मुख्य परीक्षा में सफल नहीं हो सके थे, या अपने परिणाम में सुधार करना चाहते थे। बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेशभर में कुल 1 लाख 42 हजार 468 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था। इनमें 78,890 छात्र और 63,578 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा में 1 लाख 42 हजार 467 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि केवल एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा।

**84 हजार से अधिक छात्र कामयाब-** घोषित परिणाम के अनुसार कुल 84,871 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें 45,253 छात्र और 39,618 छात्राएं शामिल हैं। इस प्रकार परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 59.57 दर्ज किया गया है। मप्र बोर्ड के इस परिणाम में एक बार फिर छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी बढ़त कायम रखी है।

**छात्राओं का प्रदर्शन रहा बेहतर-** द्वितीय परीक्षा में भी छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्राओं का पास प्रतिशत 62.31 रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 57.36 प्रतिशत दर्ज किया गया। यानी छात्राएं लगभग 5 प्रतिशत अधिक सफलता दर के साथ छात्रों से आगे रहीं।

**प्रथम श्रेणी में 37 हजार से अधिक विद्यार्थी-** परिणाम के अनुसार 37,005 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। इनमें 17,705 छात्र और 19,300 छात्राएं शामिल हैं। वहीं 47,626 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 240 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की है।

**57 हजार से अधिक विद्यार्थी असफल-** बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 57,591 विद्यार्थी इस परीक्षा में सफल नहीं हो सके। इनमें 33,632 छात्र और 23,959 छात्राएं शामिल हैं।

**तीन विद्यार्थियों का परिणाम रोका गया-** बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार तीन विद्यार्थियों का परिणाम फिलहाल रोका गया है, जबकि दो परीक्षार्थियों का परिणाम निरस्त किया गया है। मंडल ने स्पष्ट किया है कि रोके गए प्रकरणों के निराकरण के बाद आवश्यक होने पर परिणाम में संशोधन किया जा सकता है।

### एक नजर में परिणाम

- -कुल पंजीकृत विद्यार्थी: 1,42,468
- -परीक्षा में शामिल हुए: 1,42,467
- -कुल उत्तीर्ण विद्यार्थी: 84,871
- -कुल पास प्रतिशत: 59.57
- -छात्रों का पास प्रतिशत: 57.36
- -छात्राओं का पास प्रतिशत: 62.31
- -प्रथम श्रेणी: 37,005
- -द्वितीय श्रेणी: 47,626
- -तृतीय श्रेणी: 240
- -असफल विद्यार्थी: 57,591
- -परिणाम रोके गए: 3
- -परिणाम निरस्त: 2

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा को झटका

### हाईकोर्ट ने खारिज किया अस्थायी जमानत का आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार व मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के अस्थायी जमानत के आदेश को खारिज कर दिया है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि कोई आपातकालीन स्थिति नहीं है। इसके अलावा उसकी पत्नी की देखभाल के लिए परिवार व ससुराल वाले हैं।

सौ करोड़ से अधिक रुपए के भ्रष्टाचार व मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार सौरभ शर्मा की तरफ से दायर आवेदन में कहा गया था कि पत्नी की साइनस सर्जरी प्रस्तावित है और



उसके दो नाबालिग बच्चे भी हैं। उनकी देखभाल का हवाला देते हुए 60 दिन की अस्थायी जमानत की राहत चाही गई थी। आवेदन में कहा गया है कि पत्नी दिव्या तिवारी को नाक संबंधी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं और ऑपरेशन के दौरान उनकी देखभाल के लिए पति की उपस्थिति आवश्यक है।

गौरतलब है कि पूर्व में जिला अदालत और हाईकोर्ट दोनों उसकी नियमित जमानत अर्जियां निरस्त कर चुके हैं। सरकार की तरफ से जमानत आवेदन का विरोध करते हुए कहा है कि जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी से जुड़े आर्थिक नेटवर्क में कई रिश्तेदार और सहयोगी शामिल रहे हैं। आरक्षक होने के बावजूद भी उसने सौ करोड़ से अधिक रुपए का आर्थिक साम्राज्य बनाया है। इसके अलावा परिवार की देखभाल के लिए अन्य किसी व्यक्ति के उपलब्ध न होने के दावे पर भी सवाल उठाए गए। एकलपीठ ने बुधवार को सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। एकलपीठ ने जारी आदेश में अस्थायी जमानत के आवेदन को खारिज कर दिया है।

### बंधक बनाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**सीधी, देशबन्धु।** जमोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुताई और पेंटिंग का काम करने आए दो युवकों ने इंसानियत को तार-तार कर दिया। आरोपियों ने घर में अकेली युवती को बंधक बनाकर न सिर्फ उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया, बल्कि मारपीट कर ऑनलाइन लूट की वारदात को भी अंजाम दिया। घटना गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। दोनों आरोपी घर में पुताई और पेंटिंग के सिलसिले में दाखिल हुए थे। उस वक्त युवती घर में बिल्कुल अकेली थी। आरोपियों ने सबसे पहले घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद उन्होंने युवती को डरा-धमकाकर उसके मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। लूटपाट के बाद उन्होंने युवती को एक कमरे में बंधक बनाया और बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है।

# पमरे ने 10 ट्रेनों का किराया 30 प्रतिशत तक घटाया

## भोपाल मंडल के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल यात्रियों को राहत देते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। अब तक स्पेशल ट्रेन के रूप में संचालित हो रही 10 ट्रेनों को नियमित श्रेणी में शामिल कर दिया गया है। इसके चलते यात्रियों को अतिरिक्त स्पेशल शुल्क नहीं देना होगा और यात्रा पहले की तुलना में अधिक किफायती हो जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय



विशेष रूप से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, वरिष्ठ नागरिकों और नियमित रेल यात्रियों के लिए लाभकारी साबित होगा। लंबे समय से यात्री स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त किराया समाप्त करने की मांग कर रहे थे। रेलवे सूत्रों के अनुसार स्पेशल ट्रेनों में सामान्य किराए के अलावा अतिरिक्त शुल्क लिया जाता था। नियमित श्रेणी में शामिल होने के बाद यह अतिरिक्त शुल्क समाप्त हो जाएगा, जिससे आरक्षित श्रेणियों के किराए में लगभग 30 प्रतिशत तक कमी आएगी। इससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधी आर्थिक राहत मिलेगी। साथ ही मध्यम वर्गीय यात्रियों की जेब पर भी भार नहीं पड़ेगा।

### इन ट्रेनों को मिला नियमित दर्जा

- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस: स्पेशल ट्रेन संख्या 02187/02188 को नियमित ट्रेन संख्या 20153/20154 के रूप में 23/24 अप्रैल 2026 से संचालित किया जा रहा है।
- बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल: ट्रेन संख्या 02133/02134 को नियमित ट्रेन संख्या 20163/20164 के रूप में 29/30 मई 2026 से संचालित किया जा रहा है।
- हुबली-योग नगरी ऋषिकेश-हुबली: स्पेशल ट्रेन संख्या 07363/07364 को नियमित ट्रेन संख्या 17363/17364 के रूप में 6/9 जुलाई 2026 से संचालित किया जाएगा।
- हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद: स्पेशल ट्रेन संख्या 07019/07020 को नियमित ट्रेन संख्या 17079/17080 के रूप में 24/26 जुलाई 2026 से संचालित किया जाएगा।
- काचीगुड़ा-श्रीगंगानगर-काचीगुड़ा: स्पेशल ट्रेन संख्या 07053/07054 को नियमित ट्रेन संख्या 17601/17602 के रूप में 25/28 जुलाई 2026 से संचालित किया जाएगा।
- इन रूटों पर चलने वाली कुल 10 स्पेशल ट्रेनों को नियमित ट्रेन नंबर आवंटित कर स्थायी रूप से संचालित किया जाएगा।

# कियोस्क स्वीकृति के नाम पर घूस लेने वाले बैंक अधिकारी को सीबीआई ने दबोचा

**शहडोल, देशबन्धु।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जबलपुर इकाई ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शहडोल क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ एक सहायक प्रबंधक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर बैंकिंग कियोस्क संचालन की अनुमति दिलाने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। सीबीआई ने बैंक कार्यालय और आरोपी के आवास पर भी जांच की। जानकारी के अनुसार शहडोल निवासी दीपेंद्र सिंह ने क्षेत्र में चार बैंकिंग कियोस्क संचालित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आरोप है कि आवेदन को मंजूरी दिलाने और आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कराने के बदले संबंधित अधिकारी ने उनसे 10 हजार रुपये की मांग की। कई बार संपर्क के बावजूद काम नहीं होने और लगातार पैसे मांगे जाने से परेशान होकर आवेदक ने मामले की शिकायत सीबीआई से की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच और तथ्य सत्यापन की कार्रवाई की। शिकायत सही पाए जाने पर एक विशेष टीम गठित कर ट्रैप की योजना बनाई गई। गुरुवार को आवेदक को रकम लेकर बैंक के पास स्थित गुरुद्वारे के नजदीक बुलाया गया। जैसे ही अधिकारी ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि अपने कब्जे में ली, पहले से निगरानी कर रही सीबीआई टीम ने तत्काल उसे पकड़ लिया।

# जबलपुर-कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी बदली

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का मानसून के दौरान कोंकण रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले स्टेशनों के समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है। इस परिवर्तित मानसून समय सारिणी का संचालन 19 जून से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से तथा 15 जून से प्रत्येक सोमवार को कोयंबटूर से किया जायेगा।

मानसून के दौरान यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवाड़ा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, पनवेल एवं रोहा स्टेशनों की समय सारिणी यथावत रहेगी। यानि कोई बदलाव नहीं रहेगा, लेकिन कोंकण रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले दोनों दिशाओं के खेड़, चिपलुन, रत्नागिरी, कणकवली, कुडाल, थीवम, मडगाव जंक्शन, कारवार, कुमटा, मूकाम्बिका रोड, कुन्दापुरा, उडुपी, मुल्की, मंगलुरु जंक्शन, कासरगोड, कन्नूर, वडकरा, कोजीकोड, तिरूर, शोरनूर जंक्शन, पालक्काड जंक्शन (पालघाट) एवं कोयंबटूर जंक्शन रेलवे स्टेशनों के समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

उल्लेखनीय है की गाड़ी सांख्य 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 19 जून से 16 अक्टूबर तक (18 ट्रिप) प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से रात्रि 23:50 बजे प्रस्थान करेगी। मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन रविवार को शाम 17:10 बजे कोयंबटूर जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी सांख्य 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 15 जून 2026 से 19 अक्टूबर तक (19 ट्रिप) प्रत्येक सोमवार को कोयंबटूर से दोपहर 15:10 बजे प्रस्थान करेगी। मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन बुधवार को सुबह 08:45 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी।





J.B.F.A

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 126
मुर्गा मीडियम - रु. 120
मुर्गा बड़ा - रु. 114
मुर्गा जम्बो - रु. 114
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 110
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 116
छोटा ब्रॉयलर - रु. 122
मो.- 9039925999